फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 112, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत 14

फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिवभक्ति में लीन 13



## रोहित-गिल ने जड़े शतक

**2019** के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर**

| | |
|---|---|
| 4 | सुनील गावस्कर |
| 4 | रोहित शर्मा |
| 3 | विजय मर्चेंट |
| 3 | मुरली विजय |
| 3 | केएल राहुल |

**बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी**

| | |
|---|---|
| 49 | डेविड वार्नर |
| 45 | सचिन तेंदुलकर |
| 43 | रोहित शर्मा |
| 42 | क्रिस गेल |
| 41 | सनथ जयसूर्या |
| 40 | मैथ्यू हेडन |

**13 रिक्त सीटों के लिए मैदान में 14 प्रत्याशी, राज्यसभा की तरह विधान परिषद चुनाव में भी होगी क्रॉस वोटिंग**

# सपा को कमजोर करने को 11वां प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी यहां भाजपा और सपा ही आमने-सामने है। राज्य विधानसभा में विधायकों के संख्या की गणित बताती है कि भाजपा अपनी 10 और सपा 3 सीट निकाल सकती है। सपा को और कमजोर बनाने की मंशा से भाजपा राज्यसभा चुनाव की तर्ज पर कहीं एक अतिरिक्त यानि 11वां प्रत्याशी न उतार दे, इससे संशकित सपा खेमे में भी इसकी चर्चा है।



- सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिलने की सता रही चिंता
- फिलहाल भाजपा 10 और सपा 3 सीटों आसानी से जीत सकती है

दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जिस तरह सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान किया उससे सपा कमजोर पड़ी। अब 21 मार्च को होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में भी सपा के लिए इम्तिहान की घड़ी होगी। अगर भाजपा इस बार सात के अलावा और भी सपा विधायकों को अपना बनाने में कामयाब रही तो सपा को पहले से ज्यादा झटका लगेगा।

समीकरण की बात की जाए तो राज्य विधानसभा के कुल 403 सदस्यों में से फिलहाल 399 सदस्य हैं। एक एमएलसी सीट के लिए 29 वोट चाहिए। भाजपा के पास 252, अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी के 6, सुभासपा के 6 और इसमें राजा भैया के दो विधायकों को भी जोड़ लें तो एनडीए के पास 288 विधायक हो रहे हैं। अब मतदान के मद्देनजर देखें तो सुभासपा का एक विधायक जेल में है जबकि एक विधायक ने राज्यसभा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट किया था। वहीं, बसपा के एकमात्र विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इस संभावित जोड़-घटाना की नजर से देखें तो एनडीए के खाते में में कुल 287 वोट आते हैं। अब इसमें सात क्रॉसवोटिंग वाले भी जोड़ लें तो 294 वोट होते हैं। वहीं सपा के पास 108 विधायक हैं और कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। इस तरह सपा को फिलहाल 110 विधायक का समर्थन मिलता दिख रहा है। शंका है कि जिस तरह राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है उसके चलते सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिल भी पाएंगे या नहीं।

**सहयोगी दलों का ख्याल रखेगी भाजपा**

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने सहयोगी दलों को साधे रखने के लिए उनके नेताओं को परिषद में प्रतिनिधित्व दे सकती है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा अपने कोटे से अपना दल-एस, जनसत्ता दल, सुभासपा ओर रालोद से भी एक-एक नाम भेज सकती है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

LAST 5 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।



**राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

**महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध**



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

**दाम घटाने पर योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज ''महिला दिवस'' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

**लोकसभा चुनाव**

- वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें
- अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने पर संशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव



**15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक**

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

**एक नजर**

**सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है।

## सार्वजनिक बैंकों के कर्मियों का वेतन 17 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार की छुट्टी के प्रस्ताव पर भी मिली सहमति

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नवंबर, 2022 से प्रभावी होने वाले इस फैसले से करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच शुक्रवार को 17 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि पर सहमति बनी। इस बीच, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन ने कहा कि सभी शनिवारों को छुट्टियों के रूप में मंजूरी देने पर भी सहमति जताई गई है। लेकिन कामकाज के घंटों में संशोधन का प्रस्ताव सरकार की अधिसूचना के बाद प्रभावी होगा।

नए वेतन समझौते के तहत सभी महिला कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिए बगैर भी हर महीने एक दिन की बीमारी की छुट्टी लेने की अनुमति होगी। इसमें कहा गया है कि संचित विशेषाधिकार अवकाश (पीएल) को सेवानिवृत्ति के समय या सेवा के दौरान कर्मचारी की मौत होने पर 255 दिनों तक भुनाया जा सकता है।

## हिमपात के बाद बंद केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की। इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

## युवती से छेड़छाड़ कर रहे युवक की पिटाई, पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** युवती से छेड़छाड़ कर रहे युवक को युवती के भाइयों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि बाद में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। युवक 70 फीसद तक झुलस गया है।

शहर के मोहल्ला नवाब निवासी मुकेश चंद के पुत्र विशाल कुमार मोहल्ले की ही एक युवती को रोककर बात कर रहा था। युवती के परिजनों ने देख लिया और युवक की जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद

- 70 फीसद तक झुलसा युवक, गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर



युवक पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया। युवक के पिता ने कहा कि उनका पुत्र सुबह टहलने गया था। पहले से घात लगाए बैठे नीरज और धीरज ने उसे पकड़ लिया। उसका मोबाइल छीन लिया फिर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। वहीं युवती की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई कि आरोपी ने उससे अभद्रता की। बाद में पुलिस के डर से पास में ही खड़ी भाई की मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर उसने अपने ऊपर छिड़ककर आग लगा ली।

> युवती के भाइयों ने युवक को छेड़छाड़ करते देख पिटाई की। उसके बाद शिकायत करने थाने आए। युवक ने स्वयं पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली या आग लगाई गई, इन दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। - **सुधीर कुमार सिंह**, इंस्पेक्टर सदर

## नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।

## ऑनलाइन सट्टे में रुपये हारने पर बदायूं के छात्र ने दी जान, कमरे में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/बदायूं

**अमृत विचार:** काकादेव थानाक्षेत्र में ऑनलाइन सट्टे में रुपये हारने पर नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली। शुक्रवार देर शाम छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से फंदे से लटका मिला।

जिला बदायूं के थाना बजीरगंज ग्राम रूपपुरा के रहने वाले लालता प्रसाद शाक्य का 19 वर्षीय पुत्र नवनीत शाक्य सर्वोदय नगर के आरएस पुरम स्थित अग्रवाल हॉस्टल में करीब एक वर्ष से चाचा

- कानपुर में कर रहा था नीट की तैयारी, सुसाइड नोट में कई सटोरियों के नंबर लिखे मिले



संदीप शाक्य के साथ रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार शाम चाचा संदीप खाना लेने के लिए बाहर गए हुए थे। तभी नवनीत ने कमरे में सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली। चाचा लौटे तो शव पंखे से लटका मिला। चाचा उसे फंदे से उतारकर हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप शाक्य ने बताया कि नवनीत ऑनलाइन सट्टा खेलता था। तीन लोगों के नौ से दस हजार रुपये उधार थे।

**आपके सपनों का डॉक्टर नहीं बन पाया**

सुसाइड नोट में नवनीत ने कुछ लोगों के मोबाइल नंबर लिखे हैं, साथ ही ये भी लिखा है कि मम्मी-पापा मैं ऑनलाइन सट्टे में रकम हार गया था, इसके अलावा बहुत लोगों का कर्ज मुझ पर है, जिसकी वजह से रुपये लेने वाले परेशान कर रहे हैं। मैं आपके सपनों का एमबीबीएस डॉक्टर नहीं बन पाया। मुझे माफ कर देना। अब मेरे पास कोई रास्ता नहीं बचा है, मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं।

**लापरवाही** | अंश निर्धारण में सैकड़ों किसानों की खतौनी में गड़बड़ी, किसी का रकबा घटा तो किसी का बढ़ा

# गलती सरकारी मशीनरी की, खामियाजा भुगत रहे किसान

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सैकड़ों किसानों की खतौनी में गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है। यह गलती तो सरकारी मशीनरी से हुई लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अब खतौनी में सुधार नहीं हो पा रहा है। किसानों को कोर्ट जाने की सलाह दी जा रही है।

पिछले वर्ष सरकार ने खतौनी में सभी खाता धारकों के अलग-अलग अंश निर्धारण करवाए थे। इस दौरान प्रत्येक नाम पर जमीन का रकबा अलग-अलग दर्ज किया गया, लेकिन ऐसा करते समय सैकड़ों खतौनी में गड़बड़ी हो गई। किसी का रकबा किसी के नाम पर चढ़ गया। किसी के नाम ज्यादा जमीन चढ़ गई तो किसी के नाम घट गई। कहीं-कहीं एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो जगह जमीन चढ़ गई । एक खतौनी में एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह चढ़ा दिया गया। जमीन बेटे ने खरीदी लेकिन उसके पिता का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया। कहीं चाचा की जमीन भतीजे और भाभी के नाम दर्ज कर दी गई। इतना होने के बावजूद सरकारी नुमाइंदे अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं और खतौनियों में सुधार करने की जगह किसानों को एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर कर खतौनी सही कराने की सलाह दे रहे हैं। रियल टाइम खतौनी में जिन काश्तकारों का अंश निर्धारण गलत हो गया है उन्हें रकबा ठीक कराने के लिए धारा 38 के तहत न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा। जिले की हर तहसील में किसी न किसी की जमीन गलत दर्ज हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी पुवायां तहसील में बताई जा रही है। तहसील कर्मियों-अधिवक्ताओं के मुताबिक अब तक लगभग 200 प्रकरण संज्ञान में आ चुके हैं। इसी तरह तिलहर में लगभग 50, जलालाबाद में 100, सदर में 100 और कलान में करीब 50 खतौनियों में गड़बड़ी हुई है। यह संख्या हजारों में हो सकती है।

- एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो बार दर्ज कर दिया गया
- सुधार के लिए अधिकारी दे रहे कोर्ट जाने की सलाह

**आनन-फानन में हुआ अंश निर्धारण...**

रियल टाइम खतौनी तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था लेकिन स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आनन-फानन इसे तैयार कर दिया गया। हल्का लेखपाल से अद्यतन स्थिति के अनुसार गाटा संख्यावार खातेदारों का अंश निर्धारण कर रिपोर्ट मंगवानी थी। इसी के आधार पर डाटा फीडिंग कराई जानी थी। मगर गलत डाटा फीडिंग की गई।

> अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं। शिकायतकर्ता से तहसील से संपर्क करने के लिए कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को परेशानी न हो और गलती ठीक हो जाए। - **संजय कुमार पांडेय**, एडीएम प्रशासन

> राजस्व परिषद की ओर से एसओपी जारी की गई है। अगर रियल टाइम खतौनी संबंधी गलती है तो तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर गलती सही कराई जा सकती है। इसके अलावा कोई अन्य गलती है तो उसके लिए अन्य माध्यम हैं। - **संजय कुमार पांडेय**, एसडीएम पुवायां


शहर के एक शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


प्राचीन शिव मंदिर में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


पूजा अर्चना करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

# भोले बाबा का किया दूध, घी, दही, शहद, गंगाजल से अभिषेक

## महाशिवरात्रि पर जिलेभर में गूंजा आदिदेव महादेव का जयघोष, श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक कर की सुख-संपन्नता की कामना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आदिदेव महादेव की आराधना का महापर्व शिवरात्रि शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महानगर समेत पूरे जिले में सुबह से लेकर आधी रात तक भोले बाबा और माता पार्वती की जय-जयकार होती रही। मंदिरों में हर-हर महादेव के घोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मंदिरों में अपने आराध्य का गंगाजल, दुग्ध, शहद, गन्ने के रस आदि से अभिषेक किया और बेलपत्र, भांग-धतूरा, फल, मिष्ठान आदि अर्पित कर सुख-संपन्नता की कामना की।

महाशिवरात्रि का उत्साह सुबह तड़के से ही दिखना शुरू हो गया था। स्नानादि से निवृत्त होकर महिलाएं-पुरुष, युवा मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे। प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। शहर में बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा बनखंडीनाथ मंदिर, बाबा चौकसी नाथ मंदिर, बाबा मनोकरण मंदिर, ओसीएफ मंदिर, लाला तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर समेत गली-मोहल्लों के मंदिर भी बाबा के जयघोष से गूंजते रहे। मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने अनुशासित ढंग से अपने आराध्य का अभिषेक कर पूजन किया और आरती उतारकर मनौती मांगी। मुख्य शिवालयों के अतिरिक्त गली-कूंचों के मंदिरों में भी खूब भीड़ जुटी रही। त्योहार को देखते हुए नगर निगम की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाकर चूने का छिड़काव भी कराया गया। वहीं, मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त रहे।

उधर, पुवायां मार्ग स्थित पैना हैडिल क्षेत्र में त्रिलोकीनाथ मंदिर में हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर से लेकर दूर मुख्य मार्ग तक महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पूजा के लिए कतार में खड़े अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। यहां पुजारी विजय महाराज की देखरेख में दिनभर पूजन चलता रहा। रात 12 बजे महाआरती कर प्रसाद बांटा गया। वहीं, नियामतपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव की ओर से अनुष्ठान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप यादव, प्रधान अभय प्रताप, पूर्व प्रधान लज्जावती आदि ने पुराहितों के निर्देशन में विधिवत पूजन कर प्रसाद बांटा। बाद में भंडारे का भी आयोजन किया गया।


एक मंदिर में महाशिवरात्रि पर पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शिव मंदिर में दूध,दही से अभिषेक करती जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव व अन्य।


त्रिलोकीनाथ मंदिर पैना में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार


बाबा का अभिषेक करने को लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतार। ● अमृत विचार

### बम-बम भोले के घोष से गूंजा भैसटा कला का शिवालय

**कुर्रिया कला।** शिवरात्रि पर्व पर ब्रह्ममूर्त में ही शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। बम-बम भोले के जयकारों से शिव मंदिर गूंजते रहे। यहां लगे मेले में लोगों ने खरीदारी भी की। भैसटा गांव में स्थित भोलेनाथ का मंदिर में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में महादेव के प्रति आस्था व श्रद्धा देखने को मिली। हर कोई भक्ति के सागर में डूबा हुआ था। भक्तों ने दिनभर का उपवास रखा और शाम के समय दही, आलू और खीर खाकर उपवास खोला। विभिन्न जगहों पर भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंदिर परिसर की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की देखते हुए कांट पुलिस भी सतर्क दिखी। मेला परिसर में उप निरीक्षक रामसेवक पुलिस बल के साथ तैनात सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

### शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जैतीपुर।** महाशिवरात्रि पर कस्बे के विभिन्न मंदिरों में शुक्रवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। गोगेपुर में मंदिर पर श्रद्धालु कतारों में खड़े थे, जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई। भक्तों ने बेलपत्र, दूध, धतूरा, दही आदि शिवलिंग पर चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष सजावट की गई।

### शिवधाम फिरोजपुर में लगी भक्तों की लंबी लाइन

**मदनापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मदनापुर के स्वयंसेवकों ने शिवधाम फिरोजपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में सुबह से सभी व्यवस्थाओं में सहयोग किया। मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक काफी संख्या में भक्त आते रहे और जलाभिषेक किया। इस दौरान स्वयं सेवक संघ के खंड प्रचारक महावीर, नगर कार्यवाह चेतन सिंह चौहान, सह खंड कार्यवाह अभिषेक सिंह, विपिन सिंह, सोहित, विपिन कटियार, बाबू राम, रोहित , मोहित कुमार आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सुरक्षा के बीच शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**कलान।** महाशिवरात्रि पर्व पर दैत्य गुरु शुक्राचार्य की पावन तपोभूमि पटना देवकली शिव मंदिर पर शुक्रवार को जलाभिषेक व शिव दर्शन को लेकर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दो थानों की पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही। सुबह चार बजे से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान भोले नाथ को भांग, धतूरा, बेलपत्र चढ़ाकर उपासना की। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रभाष एवं परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। उधर, एसडीम महेश कैथल एवं सीओ जलालाबाद अजय राय भी मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** नगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें डीजे, बैंड बाजा, ढोल नगाड़ा, रथ, ट्रैक्टर ट्रॉली, बाइक और पदयात्रा करके हजारों लोग शामिल हुए। जहां अन्य जगहों से आए कई कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

नगर पंचायत बंडा में हर वर्ष की भांति इस बार भी महाशिवरात्रि का पावन त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शिव बरात में कलाकारों ने सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। शिव बरात को बंडा बिलसंडा मार्ग पर बने शिव मंदिर से पूजा अर्चना के बाद करीब 12 बजे निकाला गया, जिसमें सबसे पहले भगवान गणेश के रूप में रथ पर बैठे बाल कलाकार ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही बरात में अमृत वर्षा की जलधारा से सभी श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया गया। यात्रा में शामिल होने के लिए पुवायां विधायक चेतराम बंडा पहुंचे। करीब चार घंटे के बाद भगवान भोलेनाथ की बरात बंडा से सुनासीर नाथ धाम पर पहुंच सकी।

इस दौरान जगह-जगह पर भक्तों के लिए प्रसाद वितरण के स्टॉल लगाए गए थे। मां नर्मदा धर्माथ ट्रस्ट की ओर से सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से सुनासीर नाथ धाम को भव्य तरीके से सजाया गया था।

शोभायात्रा में बंडा सहित कई अन्य थानों की पुलिस मौजूद रही। शोभायात्रा के बाद सुनासीर नाथ धाम पर ही संत बाबा स्वामी गौरीशंकर सीताराम जी महाराज जी की समाधि स्थल के समीप बनाए गए पंडाल में रात्रि कार्यक्रम में आर्मी ग्रुप और अन्य कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जहां पूरी रात भर भक्तों के द्वारा हर-हर महादेव के उद्घोष गूंजते रहेंगे।


शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

# भोले बाबा की बरात में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, लगे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/रोजा

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सरायंकाइयां स्थित ओम कालेश्वर नाथ मंदिर से बाबा भोलेश्वर नाथ धाम रोजा तक भव्य शिव बरात निकाली गई। शिव बरात में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ का आलम यह था कि बरात के साथ लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा था। दुकानों और घरों की छतों पर पूरे रास्ते भर लोग चढ़े बरात का आनंद लेते रहे। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा समेत अन्य देव स्वरूपों की झांकियों पर जमकर पुष्पवर्षा की और फल-बिस्कुट आदि की बौछार की। बरात में युवा और बच्चे अबीर-गुलाल से होली खेलते हुए मस्ती कर रहे थे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

बरात का आरंभ दोपहर बाद बाबा ओम कालेश्वर नाथ मंदिर से किया गया। बरात की व्यवस्था दुरुस्त रखने को महिलाएं और पुरुष पीले वस्त्र धारण किए बराबर साथ चल रहे थे। सबसे आगे चार घुड़सवार सैनिक चल रहे थे। उनके पीछे श्रीराम दरबार, वीर हनुमान, श्रीगणेश जी, दूल्हा के रूप में नंदी पर सवार भोलेनाथ, नारद जी, मां सरस्वती, ब्रह्मा जी, कृष्ण जी, विष्णु-लक्ष्मी, राधा-कृष्ण, इंद्र, यमराज, मीराबाई, धनलक्ष्मी, मां काली का समूह, लव-कुश, शिव-पार्वती समेत तमाम आकर्षक झांकियां, बैंड, डीजे शामिल रहे। भूत-प्रेत आदि के रूप में सजे बच्चे भी उछलते-कूदते मस्ती कर रहे थे। डीजे के पीछे सैकड़ों युवा नाचते-झूमते खुशियां मनाते चल रहे थे। सरायंकाइयां से रोजा मंदिर तक अनगिनत स्थानों पर स्थानों पर पुष्प वर्मा, जल-पान कराकर स्वागत किया गया। लोगों ने बरातियों पर फल, बिस्कुट आदि भी खूब लुटाए। वहीं, मंडी समिति में आढ़ती व्यापार मंडल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर चले भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद छका। दलेलगंज, रोजा मंडी होते हुए बरात देर रात बाबा भोलेश्वर नाथ धाम रोजा पहुंची, जहां बरातियों का जोरदार स्वागत किया गया। रात में शिव-पार्वती का वैवाहिक अनुष्ठान हुआ। बरात की व्यवस्था में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल लगा रहा। वहीं, अन्य व्यवस्थाओं में आयोजन समिति के छोटे लाल, राम सनेही, सत्य नारायण, श्रीपाल, विशाल, सुभाष, सुनील, रूपम मौर्य, नरेश कुमार, सत्यप्रकाश शुक्ला, अरविंद दीक्षित, पुल्लू, अनुराग राठौर, संजय, रामशंकर, नरेश राठौर, संतोष शुक्ला, अरविंद दीक्षित आदि का सहयोग रहा।


शोभायात्रा में शामिल भक्तों को फल बांटते लोग। ● अमृत विचार


शोभा यात्रा के दौरान नृत्य करते कलाकार।


शिव-पार्वती झांकी। ● अमृत विचार

### भगवान शिव के जयकारों से गूंजे मंदिर

**तिलहर।** महाशिवरात्रि के पर्व पर पूरा नगर भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव के जयकारे गूंजने लगे। नगर के मनकामेश्वर नाथ मंदिर, चीनी मिल के गौरी नाथ मंदिर, रस्तोगी धर्मशाला स्थित मंदिर सहित दातागंज, हिंदू पट्टी, चोहटिया, पंजाबी कॉलोनी, कुंवर गंज के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग गई और पूरा दिन भगवान शिव की आराधना चलती रही। उधर, जुमे की नमाज व महाशिवरात्रि का पर्व एक ही दिन पड़ने पर प्रशासन भी पूरी तरह सजग रहा। एसडीएम अंजलि गंगवार, पुलिस उपाधीक्षक प्रियांक जैन और कोतवाल सुरेन्द्र पाल सिंह पूरा दिन पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे।

### धूमधाम से निकाली भगवान शिव की शोभायात्रा

**जलालाबाद।** भगवान शिव की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा शिव मंदिर से शुरू हुई और नगर में धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का आरंभ परशुराम मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय ने वैदिक मंत्रों के साथ किया। यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए फर्रुखाबाद रोड, प्रताप नगर आदि से होते हुए तहसील रोड से जाते हुए थाने के पीछे वाली गली में समाप्त हुई। शोभायात्रा का आयोजन शिव मंदिर संस्थान की ओर से किया गया। शोभायात्रा यात्रा में भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती, राधा कृष्ण, परशुराम, लवकुश, माता दुर्गा, माता काली और अन्य देव स्वरूपों की झांकियों ने भक्तों का मन मोहा। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राकेश ओमर, गिरजेश कटियार, प्रशांत सक्सेना, ओमकार वर्मा, धर्मेंद्र कटियार, अजय शंकर दीक्षित, अतुल गुप्ता, अशीष ओमर सहित कमेटी के समस्त पदाधिकारी व सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी अजय राय और उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह बालियान पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।


मंदिर में जलाभिषेक को लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार


शिव मंदिर पर लगा मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### महाशिवरात्रि पर भंडारों में छका प्रसाद



**शाहजहांपुर।** महाशिवरात्रि पर एक ओर जहां सुबह से रात तक पूजा-पाठ चला, वहीं तमाम स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया। शहर में खिरनीबाग चौराहा, कृष्णानगर, अंटा चौराहा, ओसीएफ कैंट मार्ग, नियामतपुर, पैना हैडिल त्रिलोकीनाथ मंदिर, चौक, हनुमतधाम मार्ग, गर्रा पुल, हथौड़ा चौराहा आदि क्षेत्रों में भंडारे लगाए गए, जिनमें हजारों राहगीरों और आसपास के लोगों ने प्रसाद छका। कई मंदिरों की ओर से भी भंडारे किए गए। लोगों ने गरमागरम पूड़ी-सब्जी, मिष्ठान का आनंद लिया।


हनुमान के रूप में सजे कलाकार। ● अमृत विचार


शिव बरात के दौरान आपस में रंग खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

### ब्रह्माकुमारियों ने निकाली भोले बाबा की बरात




**शाहजहांपुर।** महाशिवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से भोले बाबा की बरात नगर में निकाली गई। आकर्षक झांकियों और बैंड बाजे के साथ निकली बरात का लोगों ने खूब स्वागत किया। बरात रूपी शोभायात्रा परंपरागत ढंग से अब्दुल्लागंज से शुरू होकर चारखंभा, चौक, मालखाना मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुई। व्यवस्था में ब्रह्माकुमारी आश्रम की प्रभारी चरिता, संचालिका विनीता, वर्षा, पूनम, स्वाति, सीमा, रीना, विमला, महेश आदि का सहयोग रहा।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# ट्रक से कुचलकर मजदूर की मौत, परिजनों का हंगामा

## छह थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, एसडीएम सदर के समझाने पर पांच घंटे बाद खुल सका जाम, ड्राइवर हिरासत में

**5 घंटे जाम में फंसे रहे लोग**

संवाददाता, शाहजहांपुर/ कुर्रिया कलां

**अमृत विचार:** जलालाबाद-शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार सुबह इकनौरा मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े होकर पकौड़ी खा रहे मजदूर की कोयला भरे अनियंत्रित ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद पांच घंटे बाद जाम खोला गया। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेने के साथ ही ट्रक को कब्जे में ले लिया। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। वहीं युवक की मौत बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना कांट के गांव रामपुर निवासी 30 वर्षीय विजय पुत्र कल्याण वर्मा उर्फ कल्लू शुक्रवार सुबह गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर जलालाबाद-शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर केआर पेपर मिल के पास इकनौरा मोड़ पर बाल कटिंग कराने के लिए आया था। बाल कटिंग कराने के बाद करीब साढ़े आठ बजे वह सड़क किनारे खड़े होकर पकौड़ी खाने लगा, तभी बरेली मोड़ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कोयला से भरे ट्रक ने विजय को टक्कर मार दी। जिससे वह जमीन पर गिर गया। इसी बीच ट्रक का पहिया उसके ऊपर से निकल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस ट्रक के पीछे आ रहे तेज रफ्तार दो अन्य ट्रक भी उसे रौंदते हुए निकल गए। घटना के बाद लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। इसी बीच कुछ लोगों ने घटना स्थल से थोड़ी दूरी पर विजय को टक्कर मारने वाले ट्रक को रुकवाकर ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही देर में कांट पुलिस मौके पर पहुंच गई और चालक को हिरासत में लेने के साथ ही ट्रक को कब्जे में ले लिया। केआर पेपर मिल में विजय के गांव के तमाम लोग मजदूरी करते हैं, वह भी मौके पर पहुंच गए और जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और गांव के तमाम लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना से गुस्साए परिजनों ने ड्राइवर पर कार्रवाई और मुआवजा दिलाए जाने की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया और इसके साथ ही मौके पर अधिकारियों को बुलाए जाने की मांग करते हुए लगभग नौ बजे जाम लगा दिया। स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगने से तमाम लोग जाम में फंस गए। जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ सिंह, नायब तहसीलदार निवोदिता सिंह, सीओ सदर अमित चौरसिया भी पहुंच गए और थाना कोतवाली, आरसी मिशन, सदर बाजार, रोजा, जलालाबाद, मदनापुर थाना पुलिस भी पहुंच गई। अधिकारियों ने जाम लगाए परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने। इसके बाद मौके पर पहुंचे ददरौल विधायक स्वर्गीय मानवेंद्र सिंह के पुत्र अरविंद सिंह और पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा और एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ सिंह ने परिजनों को शनिवार तक दुर्घटना बीमा दिलाने का भरोसा दिया, तब दोपहर लगभग दो बजे जाम खुल सका। वहीं कांट पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


दुर्घटना में मजदूर की मौत के बाद जाम लगाए परिजन। ● अमृत विचार


घटना के बाद गुस्साए ग्रामीण डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और लगा दिया जाम। ● अमृत विचार


मृतक विजय।


मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर ज्ञानेंद्रनाथ सिंह, पुलिस बल और भाजपा नेता अरविंद सिंह।

### कैसे पलेंगे मासूम बच्चे, बिलख रही पत्नी

विजय के परिवार में उसकी पत्नी और तीन बच्चे हैं , जिनमें सबसे बड़ी बेटी माधुरी (9), बेटा हिमांशु (5) और सबसे छोटी बेटी नैंसी (4) है। विजय मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। अब पत्नी के सामने बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी अकेले आ गई है।

### एक नामजद, दो अज्ञात ट्रक चालकों पर रिपोर्ट दर्ज

मृतक के पिता कल्लू की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद कराया गया चालक वंत सिंह निवासी चंदौली, बाबुरी, चंडीपुर है और दो ट्रकों की संख्या के आधार पर उनके अज्ञात चालकों को रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

### शव के ऊपर से निकलते चले गए कई वाहन

इकनोरा मोड़ के पास दुकानें होने की वजह से यहां लोगों की भीड़ लगी है, लेकिन इस रोड से गुजरने वाले ट्रकों और डंपरों के चालक स्पीड कम नहीं करते हैं, इसी का नतीजा यह हुआ कि विजय ट्रक की चपेट में आ गया। कोयला भरे ट्रक के पीछे दो अन्य ट्रक भी तेज रफ्तार में आ रहे थे। विजय ट्रक की चपेट में आकर जमीन पर गिरा, तो ट्रक का पहिया उसके ऊपर निकल गया, इसके बाद पीछे से आ रहे दो अन्य ट्रक भी उसके शव को रौंदते हुए निकल गए।

### दूसरे मार्गों से वाहनों को निकाला गया

जाम का आलम यह था कि फर्रुखाबाद जाने वाली रोडवेज बसों को शाहजहांपुर बरेली मोड़ से कटरा होते हुए मदनापुर, जलालाबाद एवं शाहाबाद, पाली, रूपापुर होते हुए भेजा गया। इसी तरह से दूसरी ओर से आने वाले वाहनों को निकाला गया। यात्रियों में सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों को झेलनी पड़ी।

> मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर एक ट्रक चालक नामजद और दो अज्ञात चालकों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।
> –**दयाशंकर सिंह**, थानाध्यक्ष, कांट

## लापता युवक का नहर में उतराता मिला शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चार दिन से लापता युवक का शव शारदा नहर में उतराता मिला। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव जिगनिया निवासी 19 वर्षीय विकास पुत्र शेर बहादुर तीन मार्च को बाइक से खेत पर जाने के लिए घर से निकला था। वह घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। गुरुवार शाम सात बजे उसकी बाइक शारदा नहर की पटरी पर भावी गांव के सामने खड़ी मिली। सूचना पर बंडा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को विकास का शव नहर के किनारे पानी में उतराता मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शेर बहादुर ने मौके पर पहुंचकर बेटे विकास के रूप में शव की शिनाख्त की। मृतक विकास चार भाइयों में छोटा था। उसकी मां का नाम कुसुम देवी है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि कोई तहरीर नहीं आई है।

## हैंडपंप रिबोर घोटाले के आरोपों की जांच अटकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **एसडीएम न्यायिक ने बीडीओ जैतीपुर से मांगी थी सूची**
- **डीएम ने 18 मार्च तक जांच पूरी कर मांगी है रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** हैंडपंप रिबोर में घोटाले के आरोपों की जांच अभी तक परवान नहीं चढ़ सकी है। जांच अधिकारी एसडीएम न्यायिक दुर्गेश यादव ने बीडीओ जैतीपुर से रिबोर किए गए हैंडपंपों की सूची मांगी थी, इसके बाद जांच की गति धीमी पड़ गई है।

अभी तक कोई हलचल नहीं पता चली है। बंडा निवासी एक व्यक्ति ने अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए लोकायुक्त से शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने कम गहराई में रिबोर कराकर अधिक गहराई की धनराशि निकालने, लोहे व पीवीसी का घटिया व कम वजन का पाइप प्रयोग करने, नाली निर्माण कराए बगैर भुगतान प्राप्त करने समेत तमाम आरोप लगाए थे।

वित्तीय अनियमितताओं के भी आरोप लगाए। पूरा मामला जानने के बाद लोकायुक्त अनिल कुमार सिंह ने जांच के आदेश किए। इसके बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह ने एसडीएम न्यायिक सदर दुर्गेश यादव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की। इसमें वरिष्ठ कोषाधिकारी और जल निगम के सहायक अभियंता को भी शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं की गई हैं। डीएम ने 18 मार्च तक मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगने के साथ ही शिकायतकर्ता को भी स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। जांच समिति अध्यक्ष ने शिकायतकर्ता को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया। साथ ही खंड विकास अधिकारी को हैंडपंप रिबोर संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया है। इसके बाद कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जांच अधिकारी सिर्फ जांच जारी होने की बात कह रहे हैं। लंबा समय बीतने के बाद भी जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। जिसके चलते अब सवाल उठने लगे हैं। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## 30 मदरसों पर हो सकती है कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **सर्वे के दौरान बिना पंजीकरण चलते मिले थे मदरसे**
- **एसआईटी ने शासन को भेजी है रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** एसआईटी की ओर से प्रदेश में चल रहे 8848 अपंजीकृत मदरसों को बंद करने संबंधी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। इनमें शाहजहांपुर के 30 अपंजीकृत मदरसे भी शामिल हैं। ये मदरसे भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

जिले में पांच अनुदानित व 176 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए हर जिले में सर्वे के निर्देश बीते वर्ष दिए थे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने मदरसा संचालकों से डाटा तलब किया था। अधिकारियों ने लेखपालों के जरिये मदरसों की लोकेशन ट्रेस कराई। इसके बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जांच शुरू की। उन्होंने एक-एक मदरसे में जाकर मानकों को देखा। सर्वे में 30 मदरसे बिना मान्यता के संचालित होते मिले थे। इनकी रिपोर्ट बीते वर्ष ही शासन को भेज दी गई थी।

सर्वे के दौरान दो मदरसे ऐसे भी सामने आए थे जो विभाग के मानक पर खरे नहीं उतरे थे। विभाग ने उनके मदरसों के डाटा को स्वीकार नहीं करते हुए सर्वे नहीं किया था। बताया जा रहा है कि शासन के निर्देश के बाद कई मकानों में संचालित होने वाले मदरसों के बोर्ड हटा दिए गए हैं। छात्र-छात्राओं के आने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। अधिकारी जब जांच करने पहुंचे तो उन्हें मदरसा नहीं मिला। जहां पर कुछ दिन पहले मदरसा संचालित हो रहा था वहां घर मिलने पर अधिकारियों को कदम पीछे खींचने पड़ गए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद खान ने बताया कि मदरसों का सर्वे पूरा कर रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। 30 मदरसे बिना मान्यता के संचालित होते मिले हैं। शासन के निर्देश के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एसआईटी की रिपोर्ट के विषय में जानकारी होने से इनकार किया।

## पूर्व चेयरमैन के भाई समेत दो पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट

संवाददाता, कुर्रिया कलां

- **नगर पंचायत में ठेका नीलामी के दौरान हुआ था विवाद**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत ठेका नीलामी के दौरान हुए विवाद मामले में पुलिस ने कांट के दूसरे पक्ष के मोहल्ला शेखान पट्टी पश्चिमी निवासी सादमान खां की तहरीर पर सपा नेता पूर्व चेयरमैन के भाई बन्ने खां उर्फ मुशीरूद्दीन समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

सादमान खां ने बताया कि वह अपने भाई सुहेल खां के साथ पांच मार्च को नगर पंचायत कार्यालय कांट में ठेका तहबाजारी के लिए गए थे। जिसमें बन्ने खां और उनका पुत्र अरशू निवासी मरहैया कांट भी गए थे। बन्ने खां सपा नेता व पूर्व चेयरमैन के भाई हैं। बोली के दौरान कहासुनी होने पर बन्ने ने गाली देते हुए रिवाल्वर से फायर कर दिया लेकिन फायर में मिस गया। भाई सुहेल को बन्ने ने अपने बेटे के साथ पकड़ लिया और लात-घूसों से पिटाई के साथ सिर पर ईंट मार दी। कांट पुलिस ने बन्ने और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दें कि इस मामले में बन्ने खां की ओर से सुहेल उर्फ बबली, रियासत उर्फ फूल मियां, रिफाकत उर्फ पप्पू, अफसान, बंबुए, नन्हे के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज की गई थी।।

## दबंगों पर नहीं हो रही कार्रवाई पलायन को मजबूर परिवार

संवाददाता, निगोही

- **एसपी को पत्र देकर की कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार:** अमृत विचार: विपक्षियों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से उनके हौसले बुलंद हैं। पीड़ित परिवारों ने एसपी को पत्र देकर बताया कि वह लोग गांव से पलायन करने को मजबूर हैं। एसपी ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव पिपरिया चौहान निवासी शारदा देवी पत्नी इतवारी लाल, सोनी देवी पत्नी रामलड़ैते, शिवम, आकाश ने एसपी को पत्र देकर बताया कि दो माह पूर्व गांव के विपक्षियों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। साथ ही परिवार को बंधक बना लिया था। पुलिस ने बंधन मुक्त कराया था। आरोप है कि पुलिस ने विपक्षियों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। विपक्षियों ने उनके खेत के चारों ओर लगे तार खोल दिए हैं और घूरे वाली जमीन पर कब्जा कर लिया है। अब मकान पर कब्जा करने की फिराक में हैं। 27 जनवरी को विपक्षी जान से मारने की नीयत से हमला कर चुके हैं।

## चोरी का एक माह बाद भी खुलासा नहीं

संवाददाता, पुवायां

- **महिला के बैग से चोरी कर लिए थे लाखों के जेवर और नगदी**

**अमृत विचार:** महिला के बैग से लाखों के जेवर चोरी होने के मामले में एक महीने का समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। चोरी का खुलासा तो दूर की बात है पुलिस अभी तक सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्ध की पहचान तक नहीं कर सकी है।

12 फरवरी को पत्रकार राजेश गुप्ता की पत्नी मैजिक वाहन से शाहजहांपुर जा रही थीं। इस दौरान किसी ने उनके बैग से लगभग 4 लाख के जेवर और 15 हजार की नगदी चोरी कर ली थी। सीसीटीवी फुटेज में बैग में हाथ डालता एक संदिग्ध व्यक्ति दिख रहा है। इसके बाद भी पुवायां पुलिस संदिग्ध व्यक्ति की पहचान नहीं कर पाई है। तहसील समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को शिकायती पत्र देकर अपनी चोरी का खुलासा करने की मांग की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित को बताया था कि चोरी का वर्कआउट करने के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। राजेश गुप्ता का कहना है कि अब पुलिस को शाहजहांपुर में महिला थाना के पास संदिग्ध व्यक्ति की नई सीसीटीवी फुटेज मिली है। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति फोन पर बात करते हुए जाता नजर आ रहा है। लेकिन अब तक संदिग्ध की पहचान न हो पाना पुलिस के दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया भी एसपी से वार्ता कर घटना के खुलासे के लिए कह चुके हैं।

> चोरी के खुलासे के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा हो।
> –**प्रदीप कुमार राय**, इंस्पेक्टर पुवायां।

**बरतें सावधानी** | किसी काम से खतौनी निकलवाने पर किसानों को पता चल रही गड़बड़ी, ज्यादातर किसानों को खतौनी देखना नहीं आता

## आप भी जांच लीजिए अपनी खतौनी, कहीं रकबा घट या बढ़ तो नहीं गया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अगर आप काश्तकार हैं तो सजग हो जाइए। अपनी खतौनी तुरंत जांच लीजिए। कहीं आपका रकबा घट या बढ़ तो नहीं गया है। राजस्व विभाग की ओर से तैयार फसली वर्ष 1431 की नई रीयल टाइम खतौनी में इस तरह की गड़बड़ी की भरमार है। इसमें प्रत्येक गाटा में खातेदारों के अंश निर्धारण में बड़ा गड़बड़झाला देखने को मिल रहा है। गाटे के कुल रकबे में किसी का अंश बढ़ा दिया गया है तो किसी का अंश घट गया है। लोग नई खतौनी निकाल रहे हैं तो यह हेरफेर देख चौंक जा रहे हैं। काश्तकारों के लिए रीयल टाइम खतौनी ने नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। शासन की मंशा खतौनी में पारदर्शिता लाने की थी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया है। खतौनी रूपांतरण में इस बार प्रत्येक गाटे की पृथक खतौनी तैयार होनी थी। इसमें संबंधित खातेदारों का स्पष्ट अंश निर्धारण भी दर्शाया जाना था। मगर प्रक्रिया राजस्व कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटरों की अयोग्यता या कहें कि लापरवाही की भेंट चढ़ गई है।

### पहले खाता धारक का अंश पता नहीं चलता था

खतौनी में कई गाटा नंबर होते थे और काश्तकार भी अधिक होते थे। जिससे खतौनी से काश्तकार का अंश पता नहीं चल पाता था। इसीलिए तय हुआ कि अब प्रत्येक गाटे की अलग खतौनी होगी और उससे संबंधित खातेदार का उसमें अंश निर्धारण अंकित होगा। इसके बाद प्रक्रिया शुरू हुई तो साल 2023 में पूरी हुई। अब खतौनी नई हो गई है। जिसमें सबके अलग-अलग अंश तय कर दिए गए हैं। जिनका अंश सही निर्धारित हुआ है वह तो खुश हैं, लेकिन जिनके अंश का निर्धारण गलत हो गया है वह दुखी हैं। अनावश्यक ही वह कोर्ट-कचहरी के चक्कर में पड़ गए हैं। अब उन्हें एसडीएम कोर्ट में वाद दायर करना होगा और महीनों चक्कर काटने होंगे। इसके साथ ही लगभग 30 हजार रुपये अधिवक्ताओं को फीस, यातायात आदि में खर्च करने होंगे। इसको लेकर किसान चिंतित हैं।

**केस- 1 :** पुवायां तहसील के गांव महाउदुर्ग निवासी श्री कृष्णा, राम भरोसे और अमरीश कुमार ने अपने नाम जमीन का बैनामा करवाया था, लेकिन जब खतौनी बदलकर आई तो उसमें अमरीश कुमार के पिता रामदास का नाम भी चढ़कर आने लगा। जबकि बैनामा सिर्फ तीन लोगों के नाम हुआ था। इसके बाद भी चौथा नाम खतौनी में कहां से आ गया इसको लेकर सभी आश्चर्य में पड़े हैं।

**केस- 2 :** ढकिया हमीद नगर गांव के निवासी शिशुपाल सिंह का नाम खतौनी बदलने के बाद दो बार चढ़कर आ रहा है। जबकि खतौनी में जमीन एक ही है। ऐसे में नाम एक ही बार होना चाहिए था, लेकिन दो बार आ रहा है। एक ही आदमी का नाम दो बार क्यों आ रहा है यह बात अधिवक्ताओं की समझ से बाहर है।

**केस -3 :** तिलहर निवासी उमेश पाल के छोटे भाई ने अपनी जमीन का आधे से ज्यादा हिस्सा बेच लिया था। ऐसे में उमेश पाल के नाम ढाई एकड़ और छोटे भाई के नाम एक एकड़ जमीन आनी चाहिए थी, लेकिन जब नई खतौनी आई तो उसमें दोनों भाइयों के नाम लगभग डेढ़ एकड़ जमीन दर्ज कर दी गई।

**केस -4 :** बंडा निवासी अमन कुमार ने बताया कि उनके चाचा की जमीन उनके नाम पर चढ़ गई है। सही तरीके से निर्धारिण होता तो उनके नाम पर चाचा की अपेक्षा कम जमीन आती, लेकिन उन्हें चाचा के बराबर जमीन दी गई है। अब कहा जा रहा है कि एसडीएम कोर्ट में मुकदमा डालो तो जमीन बराबर आएगी।

## किशोरी को ले जाने में दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

तिलहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने गांव खनपुरा निवासी मुंशी और नजरपुर निवासी विकास के खिलाफ 12 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा लेने के का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि छह मार्च की रात को मुंशी बेटी को विकास के सहयोग से बहला-फुसलाकर दिल्ली भगा ले गया। सात मार्च की रात 10 बजे दिल्ली से वापस आने पर बेटी ने पूरी बात बताई।

# लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से घर में घुसकर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** थाना सदर बाजार के मोहल्ला गदियाना निवासी अशोक कुमार ने मोहल्ले के ही सात लोगों व इनके अन्य साथियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार दोपहर लगभग एक बजे वह अपने परिवार के साथ पुवायां में शादी समारोह में जाने के लिए अपने भाई विनोद के घर पर तैयार खड़ा था, तभी मोहल्ले के सर्वेश अपने भाई परवेश व विकास, भल्लू, पिंकू, विक्कू, बटेश्वर और इनके अन्य साथी आए और उसे व परिवार के लोगों को बेवजह गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से पीटना शुरू कर दिया। बचने के लिए वह भाई के घर के अंदर भागा तो हमलावर भी घर में घुस आए। उसे बचाने आई बेटी यशिका, भतीजी मानसी, भाई प्रमोद को भी हमलावरों ने पीट दिया।

शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग आए तो हमलावर घर के बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी का पीछे का शीशा तोड़कर धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू कर दी है।

# बड़ागांव बाईपास ओवरब्रिज पर रख गए गाटर

## लोडेड और लंबी दूरी के वाहन इसी ओवरब्रिज से तय करेंगे रास्ता, जाम की समस्या से मिलेगी निजात

**मिलेगी जाम से मुक्ति**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** बड़ागांव बाईपास के निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर गाटर रख दिए गए हैं। इसके साथ ही ओवरब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इससे लोगों को उम्मीद है कि अब बड़ागांव में लगने वाले जाम से जल्द मुक्ति मिल जाएगी और वाहन फर्राटा भरते हुए लोगों को उनकी मंजिल तक समय से पहुंचा सकेंगे। लोडेड और लंबी दूरी के वाहन भी इसी ओवरब्रिज से होकर रास्ता तय करेंगे।



बड़ागांव बाईपास ओवरब्रिज पर रख गए गाटर। ● अमृत विचार



बड़ागांव बाईपास पर बने रहे ओवरब्रिज के लिए बनाई जा रही सड़क। ● अमृत विचार

शाहजहांपुर से पुवायां-खुटार होते पूरनपुर मार्ग को जोड़ने वाले इस रोड पर फोरलेन निर्माण की मंजूरी अप्रैल 2022 में मिली थी। जिस पर लगभग डेढ़ वर्ष से अधिक समय से काम चल रहा है। अलग-अलग टुकड़ों में किए जाने वाले निर्माण कार्य में इन दिनों बड़ागांव के पास दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने बड़ागांव के पूरब की ओर बाईपास निकाला गया है, शाहजहांपुर अथवा खुटार से आने वाले वाहनों को उनकी निर्धारित गति से पास कराने के लिए यहां पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, जिसके कार्य में तेजी लाई जा रही है। सीमेंट के मजबूत पिलर खड़े किए जाने के बाद अब दोनों ओर मिट्टी डालकर ओवरब्रिज के लिए रोड तैयार की जा रही है और सीमेंट के पिलर पर एक-एक-एक करके गाटर रख दिए गए हैं। रोड निर्माण पूरा होने के बाद बाद ओवरब्रिज बनकर पूरी तरह से तैयार किया जाएगा। इस ओवरब्रिज के पश्चिम दिशा की ओर से पुवायां बड़ागांव जाने के लिए सीधा रास्ता तय किया जा सकेगा, जबकि शाहजहांपुर से खुटार, पलिया, पूरनपुर, गौरीफंटा आदि जाने वाले वाहन ओवरब्रिज से होकर रास्ता तय करेंगे। इससे पुवायां रोड का ट्रैफिक कम हो जाएगा और बड़ागांव में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। चूंकि लंबा काम है, इसलिए इस काम को पूरा होने में तीन से चार माह का समय अभी और लग सकता है। अब लोगों को ओवरब्रिज निर्माण की गति को देखकर जाम से मुक्ति की उम्मीद बढ़ रही है।

### इन गांवों से होकर निकलेगा रास्ता

पुवायां के गांव मजीदापुर, भटपुरा चंदू, मैनारी, रजनापुर, नवलपुर, आनंदपुर, पुवायां होते हुए धारा गांव के पास निकलने वाले इस बाईपास से सैकड़ों गांव के लोगों के लिए शाहजहांपुर, खुटार आदि जाने के लिए रास्ता आसान हो जाएगा। पुवायां के पूरब की दिशा में स्थित ढकिया, सतवां बुजुर्ग, इटौली, जेवां, कटका, बनियानी आदि तमाम ऐसे गांव हैं, जिनके वाशिंदों को बाईपास हाईवे से वाहन मिल जाएंगे और उन्हें पुवायां पहुंचकर न तो अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी और न ही वाहनों का लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

# पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** थाना रोजा के गांव बरतारा निवासी रीना कश्यप ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रोजा थाने में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। दर्ज कराई रिपोर्ट में रीना ने बताया कि उसकी शादी 12 फरवरी 2023 को बरतारा निवासी विकास के साथ हुई थी। शादी के बाद से से ही पति विकास, सास रामकली, ससुर सुरेश, जेठ आकाश, जेठानी रूपा और ननद गुंजा, ननदोई पंकज निवासी पुवायां, ननद रेनू और ननदोई शेरू निवासी कैहमारा, पुवायां कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाया कि गर्भावस्था में भी आरोपी मारपीट करते थे। नौ जनवरी को महिला थाना में प्रार्थना पत्र देने पर समझौता करा दिया गया। ससुरालियों की बातों पर भरोसा करके वह ससुराल चली गई, जहां भ्रूण की जांच कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और देशी शराब के कारोबार में भी लिप्त होने के लिए कहने लगे। मना करने पर पिटाई करने लगे और गर्भ गिराने की नीयत से भूखा रखने लगे और उसे कुछ दवाइयां लेने के लिए मजबूर करने लगे। इंकार करने पर कई दिन तक बिना खाना-पानी दिए कमरे में बंद रखा। दो मार्च को आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की बात करने लगे। चार मार्च को वह किसी तरह भाग कर थाने पहुंची। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को उसकी मां के साथ भेज दिया।

● **गर्भ गिराने की नीयत से कई दिन तक बिना खाना-पानी के कमरे में बंद रखा**

# विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गांव पिपरा जप्ती निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव पिपरा जप्ती निवासी भानू प्रताप सिंह की 25 वर्षीय पत्नी सत्यम देवी ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर ससुराल वालों ने उसे सीएचसी पर भर्ती कराया था।



मृतका सत्यम देवी

डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया था। ससुराल वालों ने उसे बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार वाले बरेली से शव लेकर यहां आए और थाने पर सूचना दी। मृतका के पति ने बताया कि चाय बनाने को लेकर विवाद हो गया था। आवेश में आकर उसकी पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसकी मौत हो गई। इधर मृतका के मायके वाले पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये व बाइक की मांग करते थे। उसकी बेटी को प्रताड़ित करके मारते पीटते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे जहर देकर मार डाला है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

● **इलाज के दौरान बरेली के अस्पताल में तोड़ा दम**

### साड़ी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

शाहजहांपुर। गंगा पट्टी चड़रिया गांव में कमरे में महिला का शव फंदे से लटका मिला। पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना कांट क्षेत्र के गांव गंगा पट्टी निवासी अवधेश कुमार की शादी कई साल पहले 30 वर्षीय गिरिजा देवी के साथ हुई थी। गिरजा देवी ने गुरुवार को रात ससुराल वालों को खाना खिलाया और कमरे में सोने के लिए चली गई। रात 12 बजे अवधेश कुमार उठा, तो देखा कि कमरे में पत्नी पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे से लटकी हुई थी। इस दौरान परिवार के अन्य लोग जाग गए। उन्होंने रात में ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस देर रात गांव में पहुंची और शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर खबर मिलने पर मृतका के पिता ऋषिपाल निवासी पिपरौली थाना तिलहर परिवार वालों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मार कर लटका दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।

# बच्चों ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से गांव किलापुर में जानकी महाराज पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।



चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

संस्था अध्यक्ष मुनीश सिंह परिहार ने बताया कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन इसलिए कर रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कलान, मिर्जापुर क्षेत्र के छह स्कूल एवं छह कॉलेज में किया जाएगा। यह कार्यक्रम 22 मार्च तक चलता रहेगा। इस प्रतियोगिता में टॉप थ्री बच्चों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ,अरवेंद्र यादव, राममूर्ति कश्यप आदि उपस्थित रहे।



### नशे की लत से छुटकारा दिलाएगा नशा मुक्ति केंद्र

**शाहजहांपुर।** अंटा चौराहा स्थित शेखर अस्पताल में कैमकुस जिला नशा मुक्ति केंद्र शुरू किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से भागीरथ सेवा संस्थान इस केंद्र का नि:शुल्क संचालन करेगा। केंद्र का उद्घाटन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रतिनिधि के रूप में सांसद अरुण कुमार सागर ने फीता काटकर किया। संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने बताया कि जो लोग नशे की लत से परेशान हैं और इससे छुटकारा पाना चाहते हैं, वह केंद्र पर आकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र में नशे से पीड़ित 15 मरीजों के भर्ती होने, खाने-पीने एवं रहने की सुविधा है। इस मौके पर संस्थान के सचिव करुणाकर सुकुल, सामाजिक सचेतक डॉ. सुरेश मिश्र, एडीएम एफआर डॉ. सुरेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, डॉ. सोम शेखर दीक्षित, डॉ. शुभा दीक्षित, भाजपा नेता सुरेंद्र वाल्मीकि, अनादि सुकुल, जयंत बाजपेई, डॉ. अवनीश मिश्रा, हिमांशु शर्मा, उपेश चंद्र सिंह, दिनेश रस्तोगी, महेश चंद्र मिश्रा, अंकुर मिश्रा, सुनीता तिवारी, सुमन पाठक, मोनी मिश्रा, अक्षत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### उपनगर आयुक्त ने शिव मंदिरों में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर नगर आयुक्त महोदय केपी सिंह ने मंदिरों पर विशेष सफाई अभियान, चूना छिड़काव, जलापूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया गया। उप नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। महाशिवरात्रि पर्व पर व जन-सामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समस्त मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व सफाई एवं खाद निरीक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मंदिरों पर विशेष सफाई अभियान संचालित किया। जिसमें सफाई कार्य के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के आने-जाने वाले मार्गों पर चूना छिड़काव का कार्य स्वच्छता कर्मियों ने किया। इसी क्रम में उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने सुबह महानगर क्षेत्र में स्थित विभिन्न मंदिरों बाबा विश्वनाथ मंदिर, बनखंडी नाथ मंदिर, चौक स्थित फूलमती मंदिर आदि मंदिरों का निरीक्षण कर साफ- सफाई, चूना छिड़काव की स्थिति को देखा। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दंपती के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला खलील सर्की निवासी मो. इरफान ने मोहल्ला अंटा निवासी मोहम्मद हमीद और उसकी पत्नी रुखसाना के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह एक मुकदमे में गवाह है, इसी वजह से मोहम्मद हमीद उससे रंजिश मानता है। चार मार्च को वह अपने साले की शादी में ककरा में मौजूद था। तभी रात आठ बजे मो. हमीद अपनी पत्नी के साथ उसके घर पहुंच गया और जान से मारने की धमकी देने लगा, कहा कि गवाही देने से मना कर दो, नहीं तो रेप जैसे फर्जी केस में फंसवा देंगे। पड़ोसी की सूचना पर वह घर पहुंचा, जहां उनकी मां ने आरोपियों द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की बात बताई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से मारपीट, दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** थाना रोजा के गांव बरमौला अर्जुनपुर निवासी कुसुम पत्नी छंगा ने दर्ज कराई कराई रिपोर्ट में बताया कि छह मार्च को वह खेत पर जा रही थी, तभी सुनील और बाल्मीकि लाठी-डंडा लेकर आए और गाली-गलौज कर उसे पीटने लगे। दोनों आरोपी इससे पहले भी उसके साथ कई बार झगड़ा कर चुके हैं।

## सार-संक्षेप

### अर्धसैनिकों का पहला जत्था रोजा पहुंचा



**रोजा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। आम चुनाव के मद्देनजर रोजा पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने क्षेत्र के मुख्य मार्गों में पैदल मार्च किया। इससे पूर्व एसपी सिटी व सीओ सदर ने रोजा स्टेशन पहुंच कर अर्धसैनिकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अप्रैल मई में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार की सुबह अर्धसैनिकों का एक जत्था स्पेशल ट्रेन से रोजा स्टेशन पहुंचा। जहां एसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर अमित चौरसिया व थाना प्रभारी राजीव कुमार ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद अर्धसैनिक बल ने रोजा पुलिस के साथ पैदल मार्च करके लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में अपने अपने त्योहार मनाने की अपील की।

### कंप्यूटर प्रशिक्षुओं को दिए प्रमाण पत्र




**जलालाबाद।** नगर स्थित दक्ष इंस्टीट्यूट पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित ट्रिपल सी व ओ लेवल का प्रशिक्षण पूरा होने पर सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर हरिओम यादव ने मुख्य अतिथि जलालाबाद चेयरमैन शकील अहमद खां का माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जहां सरकार की ओर से नि:शुल्क ओ लेवल व ट्रिपल सी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्तमान समय में सभी के लिए आवश्यक है। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षण पूरा करने वाली काजल विश्वकर्मा, शिवानी कुशवाह, शिवांगी देवी, भूपेंद्र सिंह कुशवाह, अमन पाल, प्राची गोस्वामी, शिल्पी देवी, अंजली राजपूत समेत अन्य सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जतिन सक्सेना, सुमनदीप कौर, स्वीटी शर्मा, नीरज, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़कों के निर्माण को लोनिवि मंत्री ने दी मंजूरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में जर्जर सड़कों के नव निर्माण और मरम्मत कार्य को लेकर सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से भेंट कर प्रस्ताव दिया था। जिसका संज्ञान लेते हुए लोनिवि मंत्री ने संपर्क मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी है। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया के प्रस्ताव में ग्राम पंचायत अंडहा में ग्राम सिलुहा होते हुए खुटार तक पांच किलोमीटर संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य 399 .73 लाख रुपए की लागत से कराया जायेगा। इसके साथ ही पुवायां मार्ग से करनापुर होते हुए मझगवां तक 4 .50 किलोमीटर संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य 409 .17 लाख रुपए की लागत से, बंडा पूरनपुर मार्ग से जमुनिया नवदिया होते हुए ग्राम मूढ़ा तक 1 .50 किलोमीटर संपर्क मार्ग कार्य 119 .12 लाख रुपए की लागत से, ग्राम पंचायत मोहनपुर प्राइमरी स्कूल से बृजमोहन वाजपेई के मकान होते हुए प्राचीन बरम बाबा स्थान होते हुए ग्राम खजुरिया तक 2 .50 किलोमीटर सड़क का निर्माण 227 .92 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा।


बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक 8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

## डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# सड़कें पाटने के बाद भी नहीं मिली राहत, गड्ढे कर रहे बेहाल

## महानगर में खोदने के बाद पाट दी गई हैं कई सड़कें, इसके बाद भी सड़कों पर दिखाई दे रहे गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** महानगर में सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कें पाटने के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हो पा रही है। पाटी गई सड़कों की मिट्टी धंसने से गड्ढे हो जाते हैं। जिससे लोग इनमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सदर रोड, वाल्मीकि मंदिर रोड, एसपी कॉलेज रोड, नगर निगम रोड सहित शहर की तमाम सड़कों को यही हाल बना हुआ है। अनियोजित खोदाई के चलते भी लोगों को परेशानी हो रही है।

ठेकेदार कभी भी कहीं भी खोदाई शुरू कर देता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। गांधी भवन के पास बीते दिनों खोदाई की गई थी। अब भी यहां ठीक से सड़क नहीं पाटी जा सकी है। यहां सड़क पर अब भी गड्ढे हैं। यहां से गुजरने वालों के वाहन गड्ढे में गिर जाते हैं। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ता है। ऐसे में यहां जाम की स्थिति भी बन रही है। इसके साथ ही व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारी लगातार नियोजित खोदाई और एक सड़क की मरम्मत करने के बाद ही दूसरी सड़क की खोदाई शुरू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में ध्यान नहीं दिया गया है।

सड़कों की खोदाई से लोगों हो रही परेशानी साल 2021 में ही दूर हो गई होती अगर समय से काम पूरा होता, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। समय से काम पूरा नहीं हुआ। साल 2019 में सीवर लाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी, जिसके लिए 377 करोड़ 51 लाख 48 हजार रुपये का बजट मंजूर हुआ। जून 2021 से सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ। इसको दिसंबर 2022 तक पूरा करना था। तय समय से एक साल चार माह बाद भी अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क को काटकर चार से पांच-छह मीटर गहरी खोदाई करनी पड़ती है जोकि दिन में ही संभव है।


एसपी कॉलेज रोड पर खोदे गए गड्ढे को सही करते मजदूर। ● अमृत विचार


पचराहा पर पेयजल लाइन की मरम्मत के बाद भी हो रही लीकेज। ● अमृत विचार

### लीकेज मिली, मरम्मत अब भी पूरी नहीं

पचराहा पर बीते दिनों अधिकारियों को लीकेज बीते दिनों मिल गई थी, लेकिन मरम्मत का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। अब भी यहां हल्की लीकेज जारी है। महानगर में सीवर लाइन डालने का काम मुसीबत बना हुआ है। पचराहा पर बीते दिनों बड़े पैमाने पर पेयजल लाइन से लीकेज हो गई थी, जिसके चलते पानी भर रहा रहता था और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जल निगम और नगर निगम के अधिकारी लगातार लगे रहे। इसके बाद भी 11 दिन बाद कहीं लीकेज मिली। अब लीकेज मिल तो गई है, लेकिन टूटी पेयजल लाइन की मरम्मत ठीक से नहीं हो सकी है। ऐसे में हल्की लीकेज अब भी बनी है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

पचराहा पर लीकेज को सही कर दिया गया है। मरम्मत का कार्य चल रहा है। उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। - **कपिल एम सिंह**, अधिशासी अभियंता, जल निगम।


टाउन हाल में सड़क पर गड्ढा। ● अमृत विचार


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


### तेंदुआ ने बाइक सवार पर लगाई छलांग, युवक ने भागकर जान बचाई

निघासन। चौखड़ा फार्म के पास तेंदुआ देख बाइक सवार युवक ने भागकर जान बचाई। युवक ने बताया कि तेंदुआ ने उसकी तरफ छलांग लगा दी थी, जिससे वह पसीने से तरबतर हो गया। मझगईं थाना और रेंज के अंतर्गत जंगल किनारे बसे चौखड़ा फार्म पर मझगई निवासी वीनू गुप्ता किसी काम से गए थे। शाम को वापसी में रास्ते में एक तेंदुआ दिखाई दिया था। बाइक सवार ने पहले बाइक को पीछे किया तो तेंदुआ झाड़ियों की तरफ चला गया। इसके बाद उसने बाइक बढ़ा दी तो तेंदुए ने छलांग लगा दी। वीनू ने बताया कि वह घबराकर बाइक को तेज गति से भगा लाया। घर आने पर उसने राहत की सांस ली। बाद में तेंदुआ ने नजदीकी एक झाले से कुत्ते को निवाला बना लिया।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


# कानपुर में पूर्व प्रधान के बेटे ने की आत्महत्या, गांव में पसरा सन्नाटा

बदायूं कार्यालय

- **दोपहर लगभग चार बजे बेटे की मौत की सूचना पर कानपुर रवाना हुए परिजन**
- **जनपद बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव रूपपुरा का निवासी था नवनीत**

अमृत विचार : कानपुर के हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहे पूर्व प्रधान के बेटे ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है जिसमें सट्टे में रुपये हार जाने की वजह से आत्महत्या करने की बात लिखी है। परिजन कानपुर रवाना हो गए। गांव में सन्नाटा पसरा है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव रूपपुरा निवासी लालता प्रसाद खेतीबाड़ी करते हैं। साथ ही वह राजनीति में भी सक्रिय हैं। उनकी पत्नी अनार कली गांव की प्रधान रह चुकी हैं। लालता प्रसाद ने तकरीबन दो साल पहले बेटी की शादी कर दी। बड़ा बेटा निर्दोष प्रयागराज में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा है जबकि छोटा बेटा नवनीत शाक्य (19) कानपुर में कोचिंग में नीट की तैयारी कर रहा था। कानपुर के थाना काकादेव क्षेत्र के हॉस्टल में रहता था। नवनीत पढ़ने में होशियार था और मिलनसार था। वह रोज अपने परिजनों को फोन करके वहां की गतिविधि बताता था। शुक्रवार दोपहर उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। साथ ही एक सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें लिखा था कि वह ऑनलाइन सट्टे में 500 रुपये हार गया है। उस पर दोस्तों का नौ हजार रुपये कर्ज हो गया है। दोस्तों ने कर्ज चुका दिया है लेकिन वह बहुत परेशान है। लिखा कि मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना। मैं एमबीबीएस नहीं कर पाया। उसके दोस्तों का पैसा वापस कर देना। पुलिस ने लालता प्रसाद को फोन करके सूचना दी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने पत्नी को बताया तो वह चीत्कार करने लगीं। इसके बाद परिजन घर पर ताला डालकर कानपुर रवाना हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि नवनीत को कभी सट्टे की लत नहीं थी। पता नहीं कानपुर जाकर कैसे इन चीजों में फंस गया।

# लड़की की आवाज निकालने वाला जालसाज गिरफ्तार

बदायूं कार्यालय

- **बहाने से या धमकाकर व्यापारियों से लेता था रुपये, मना करने पर फोन कर भेज देता था पुलिस**

**अमृत विचार :** उझानी के सराफा व्यापारी से हुई 26 हजार 700 रुपये की साइबर ठगी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मध्य प्रदेश के युवक ने व्यापारी के साथ ठगी की थी। वह लड़की की आवाज निकालकर व्यापारियों से ठगी करता है। व्यापारियों के रुपये न देने पर वह खुद को अधिकारी बताकर स्थानीय पुलिस को व्यापारी के पास भिजवाता था। फिलहाल आरोपी पर कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है। वह चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्री नारायणगंज निवासी आलोक अग्रवाल सराफ व्यापारी हैं। 28 फरवरी को उनके पास किसी महिला ने फोन किया। खुद को मध्यप्रदेश के जिला जबलपुर की एसीपी आराध्या चौहान बताया।

कहा कि उसने व्यापारी की दुकान पर चोरी का माल बेचने वाली एक महिला रूपा कोरी को पकड़ा है। इसके एवज में रुपये मांगे। अपना क्यूआर कोड भेजा। व्यापारी ने उसके नंबर पर रुपये डाल दिए। व्यापारी ने कस्बा चौकी के इंचार्ज पर मिलीभगत का आरोप लगाया। अगले दिन व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर रुपये होल्ड करा दी गई। खुलासे के लिए तीन टीमें बनाईं।

एसओजी और उझानी पुलिस ने व्यापारी को फोन करने वाले नंबर को सर्विलांस पर लगाया। एसओजी मोबाइल की लोकेशन और आईडी के आधार पर जबलपुर पहुंची।

जहां से जिला जबलपुर के थाना पाटन क्षेत्र के वार्ड 10 निवासी संकेत यादव पुत्र उमाशंकर यादव बताया गया। उसके पास से दो मोबाइल, 800 रुपये बरामद हुए। शुक्रवार को एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने खुलासा किया। कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा।

# वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अमरिया, अमृत विचारः** वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। एएसपी ने अपनी सरकारी गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम भौनी निवासी पप्पू की पुत्री गोदावरी (32) की शादी थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम सिकलापुर निवासी जानकी प्रसाद से हुई थी। महिला के तीन बच्चे हैं। वह मानसिक रुप से अस्वस्थ चल रही थी। जिसके चलते काफी दिनों से मायके में रह रही थी। वह रोज की तरह गांव के बाहर घूमते हुए निकल जाती थी। शुक्रवार सुबह किसी अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। उधर से निकल रहे एएसपी विक्रम दहिया व सीओ सदर डॉ. प्रतीक दहिया ने महिला को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ बृजवीर सिंह ने बताया कि वाहन चालक फरार हो गया।

### दीपक से कपड़ों में लगी आग युवक झुलसा

भीरा। महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में पूजा करने गए युवक के कपड़ों में दीपक से आग लग गई, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। युवक को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ले जाया गया है।


RML
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly


# 12 घरों में लगी आग, सामान जलकर राख

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** थाना मझगईं के गांव धर्मापुर में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद अग्निशमन दल के पहुंचने से लोगों में काफी रोष दिखा। अग्निकांड में 12 घर जल गए और उनमें रखा घरेलू सामान तथा नगदी आग की भेंट चढ़ गई।

गांव धर्मापुर में दोपहर करीब एक बजे सालिक राम के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते तब तक लपटों ने रामकिशोर, छविनाथ, ज्ञान प्रकाश, छोटेलाल, चुन्ना, शिवकुमार, दिनेश, बबलू तथा गोपाल समेत 12 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग का विकराल रूप देख गांव में चीख-पुकार मच गई।

तमाम लोग घरों से चारपाई, बिस्तर, अनाज, बक्शा आदि निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुट गए। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। इससे उसे ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस अग्निकांड में नगदी और सारा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।


गांव धर्मापुर में धू-धू कर जलते घर।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घपलेबाजी, बरखेड़ा बीडीओ निलंबित

## पात्रों के नाम सूची से गायब कर अपात्रों को दे दिए प्रधानमंत्री आवास, परियोजना निदेशक को भेजी थी गलत रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले की जांच में खेल करना बरखेड़ा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह को महंगा पड़ गया। दोबारा हुई जांच में घपलेबाजी सामने आ गई। इस पर सीडीओ ने कार्रवाई की संस्तुति कर अपनी आख्या ग्राम्य विकास आयुक्त को भेज दी। आयुक्त ने जांच में गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर उच्चाधिकारियों को गुमराह करने पर बरखेड़ा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह को निलंबित कर दिया।

बरखेड़ा ब्लाक के गांव मूढ़ासेमनगर उर्फ पंडरी निवासी बुद्धसेन ने पिछले साल दिसंबर में लोक शिकायत पोर्टल पर अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने की शिकायत की थी। उसने आरोप लगाया कि पात्रता सूची में उसका नाम होने के बावजूद सचिव राजकुमार ने अपात्र बताते हुए काट दिया। जबकि उसके गांव निवासी सोनपाल समेत छह अन्य को अपात्र होते हुए आवास योजना का लाभ दे दिया गया। परियोजना निदेशक शैलेन व्यास ने जांच बरखेड़ा के बीडीओ प्रेम सिंह दी थी। उन्होंने 14 दिसंबर को जांच आख्या परियोजना निदेशक को सौंप दी। बीडीओ ने जांच आख्या में बताया कि सोनपाल, गेंदनलाल, मदनलाल आदि आवास के लिए पात्र थे, जिस कारण इन सभी को आवास योजना का लाभ दिया गया था। शिकायतकर्ता बुद्धसेन का पक्का मकान दर्शाते हुए उसे अपात्र बताकर सचिव को बचाते हुए शिकायत को ही गलत बताया था। इस पर शिकायतकर्ता ने किसी अन्य अधिकारी से जांच कराने की मांग की। इस पर डीआरडीए के परियोजना अर्थशास्त्री जेसी जोशी से मामले की क्रास जांच कराई गई। उन्होंने जांच में शिकायतकर्ता को पात्र पाते हुए आख्या रिपोर्ट परियोजना निदेशक को सौंप दी। आख्या रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सचिव राजकुमार द्वारा शिकायतकर्ता को अपात्र बताते हुए आवास देने से वंचित कर दिया।

- दोबारा जांच होने पर सामने आई हकीकत, सीडीओ की संस्तुति पर शासन ने की कार्रवाई

> गलत जांच आख्या प्रस्तुत कर गुमराह करने पर शासन से बीडीओ के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इसी आधार पर शासन ने बीडीओ बरखेड़ा प्रेम सिंह को निलंबित कर दिया है। **– धर्मेंद्र प्रताप सिंह,** सीडीओ

### सचिव को बचाने में खुद फंस गए बीडीओ प्रेम सिंह

शासन द्वारा बरखेड़ा बीडीओ को निलंबित किए जाने के बाद कई अन्य जिम्मेदारों में भी खलबली मच गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री आवासों की सूचना बनाने में खेल सचिव ने किया। साठगांठ के चलते बीडीओ प्रेम सिंह ने सचिव को बचाने के चक्कर में अफसरों को गुमराह किया। मामले को खुलासा तब हुआ जब शिकायतकर्ता ने बीडीओ की जांच पर सवाल उठाते हुए किसी अन्य अधिकारी ने जांच कराने की मांग की। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हुई क्रास जांच में बीडीओ द्वारा सचिव को बचाते हुए पात्र को अपात्र और अपात्रों को पात्र बताया गया।

### शिकायतकर्ता से मांगे गए थे 20 हजार रुपये

शिकायतकर्ता बुद्धसेन की मानें तो पहले तो उसका नाम सूची में शामिल भी हुआ था। चूंकि प्रधान उनके पक्ष का नहीं है। इसका भी उन्हें दंश झेलना पड़ा था। ये भी आरोप लगाए कि उस वक्त उनसे 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क के तौर पर सचिव की ओर से मांगे भी गए थे। बीडीओ पर कार्रवाई के बाद ये सचिव पर गाज गिरना भी तय माना जा रहा है। फिलहाल आवास को लेकर जिम्मेदारों के घिरने के बाद पारदर्शिता के दावों पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। आवास में भेदभाव और सुविधा शुल्क से जुड़ी तमाम शिकायतें भी आए दिन अधिकारियों तक पहुंचती है।

### मरौरी बीडीओ को मिला बरखेड़ा ब्लॉक का अतिरिक्त चार्ज

बरखेड़ा बीडीओ प्रेम सिंह पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद मरौरी की खंड विकास अधिकारी मृदुला को बरखेड़ा ब्लाक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिला अधिकारी के अनुमोदन पर बीडीओ मरौरी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सीडीओ ने मरौरी बीडीओ को तत्काल चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं।

### शिकायतकर्ता बुद्धसेन बोले- अब तो हम पात्र हैं, आवास भी दिलाएं

बीडीओ बरखेड़ा पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता बुद्धसेन से बात की गई तो उन्होंने प्रधान, सचिव, एडीओ समेत कई जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कहा कि उस वक्त शिकायत के बाद पीडी ने आकर जांच की तो गड़बड़ी खुल सकी। उनका कहना था कि अब तो उन्हें पात्र माना गया है। ऐसे में उनको आवास की सुविधा भी दिलाई जाए। अन्य दोषियों पर भी कार्रवाई हो। उनका परिवार अभी भी आवास से वंचित हैं।

## तमंचे के बल पर पिटाई कर युवक से की लूटपाट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बरखेरवा निवासी शिवम वर्मा ने बताया कि वह गुरुवार की शाम अपने कार्य से राजापुर जा रहा था। तभी फन–माल के पास पहले से छोटू उर्फ शिवम वर्मा निवासी मुड़िया खेड़ा ने उसकी बाइक रोक ली। तभी उसके तीन अन्य साथी आ गए और पिटाई करने लगे। छोटू ने तमंचा तान दिया और गोली मार देने की धमकी देकर सोने की अंगूठी, चेन व पर्स लूट लिया। पर्स में 10 हजार रुपये थे। विरोध किया तो छोटू ने तमंचे की बट सिर पर मार दी, जिससे उसका सिर फूट गया और वह खून से लथपथ हो गया। आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। उसने परिवार वालों और पुलिस को सूचना दी।

# बिलसंडा में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कुंडल लूटे

संवाददाता, बिलसंडा



घटनास्थल पर लगी भीड़ और सड़क पर बैठी पीड़िता मंजू देवी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने के बाद बेटे के साथ बाइक पर अपने घर लौट रही महिला के बाइक सवार बदमाशों ने कुंडल लूट लिए। अचानक झपट्टा लगने पर महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। बदमाश तमंचा लहराते हुए धमकी देकर भाग गए। पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

शाहजहांपुर के कस्बा खुटार निवासी राजकुमार की पत्नी मंजू देवी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने बेटे के साथ बरेली में भांजी की शादी समारोह से वापस लौट रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे बीसलपुर बिलसंडा मार्ग पर गांव गांगूपुर के पास बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने पास में आकर उसके कान से कुंडल नोच लिए, और बाइक समेत गिरा दिया। इतना ही नहीं उसके बेटे ने जब बदमाशों का पीछा करना चाहा तो बदमाशों ने तमंचा दिखाते हुए गोली मारने की धमकी दी। जिससे वह लोग घबरा गए और इसका फायदा उठाते हुए बदमाश फरार हो गए। सकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सुरागरसी कराई जा रही है।

- बेटे के साथ जा रही थीं मंजू देवी गांव गांगूपुर के पास हुई घटना

# लघुशंका को गया चालक, युवक ले गए ई-रिक्शा

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचार:** शहर में राजापुर से ई-रिक्शा में सवार हुए तीन युवक चालक के लघुशंका को जाते ही ई-रिक्शा लेकर भाग निकले। चालक ने ई-रिक्शा की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ ई-रिक्शा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर से सटे गांव रामापुर निवासी राम हरीश ने बताया कि वह ई-रिक्शा किराए पर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उनका साला बुधवार शाम सलेमपुर कोन निवासी मानू ई-रिक्शा लेकर राजापुर से शहर की तरफ जा रहा था। तभी चौराहा के पास तीन युवक मिले और हीरालाल धर्मशाला ओवरब्रिज जाने की बात कहकर बैठ गए। रास्ते में वी मार्ट के पास ई-रिक्शा में बैठे युवकों में से एक ने ई-रिक्शा रुकवाया। बीयर लेकर आने की बात कहकर पास में स्थित दुकान पर चला गया। इस बीच चालक मानू चाबी लगी छोड़कर लघुशंका को चला गया। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो देखा कि ई-रिक्शा गायब था। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने पहले आसपास के लोगों से पूछताछ की और उसके बाद ई-रिक्शा की तलाश की, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी ई-रिक्शा का कोई पता नहीं चल सका। मानू की सूचना पर पहुंचे राम हरीश ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

- राजापुर से सवार हुए थे तीनों आरोपी, हीरालाल धर्मशाला ओवरब्रिज जाने की बात कहकर बैठे

> मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज की मदद ली जा रही है। जल्द ही वाहन बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-अंबर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक सदर।

# कुलसचिव के आदेशों को कुलपति ने किया निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने उनकी अनुमति और अनुमोदन के बिना कुलसचिव अजय कृष्ण यादव की ओर से जारी आदेशों को अनुचित बताते हुए निरस्त कर दिया है। कुलपति ने इस संबंध में राज्यपाल और शासन को भी आदेश की कॉपी भेजकर अवगत कराया है। कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक, उप कुलसचिव, परिसर के सभी विभाग और संकाय अध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी निर्देश दिए हैं।

कुलपति की ओर से 6 मार्च को जारी किए गए आदेश के मुताबिक कुलसचिव ने कुलपति के बिना अनुमोदन या अनुशंसा के कार्यालय आदेश 19 और 23 दिसंबर 2023 और 29 फरवरी को जारी किए गए। इसके अलावा विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय से बाहर राजभवन और शासन को भी पत्राचार किए जा रहे हैं, जो बिलकुल उचित नहीं हैं, जबकि कुलपति कार्यालय के 29 नवंबर और 29 दिसंबर को जारी पत्रांक और अन्य कई बार मौखिक रूप से भी निर्देशित किया जा चुका है कि विश्वविद्यालय की ओर से पत्राचार करने से पहले पत्रावली पर कुलपति का अनुमोदन या अनुशंसा अवश्य प्राप्त कर ली जाए।

### 29 फरवरी को कुलसचिव ने जारी किया आदेश

कुलसचिव के 29 फरवरी को जारी आदेश के मुताबिक शैक्षणिक, अभियन्त्रण, स्टोर, विकास अनुभाग संबंधी पत्रावलियों और अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई ऐसी महत्वपूर्ण पत्रावलियों और अभिलेख जोकि अनुभाग में संरक्षित रहना चाहिए लेकिन नहीं थीं। इसके अलावा कई अन्य पत्रावलियों या अभिलेखों के बारे में अनुभाग में कार्यरत कार्मिकों ने बताया कि पत्रावलियों को उच्चाधिकारियों के मांगे जाने पर उन्हें सीधे प्राप्त कराई गई हैं, लेकिन विवरण डिस्पैच रजिस्टर में नहीं था। इसकी वजह से निर्देश दिये जाते हैं कि पत्रावलियों का अनुरक्षण संबंधित अनुभाग में अनिवार्य रूप से किया जाएगा और पटल प्रभारी या अनुभाग प्रभारी या अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि पत्रावलियां सीधे किसी अन्य अधिकारी की ओर से मांगी जाती हैं तो ऐसी स्थिति में उनकी अनुमति के बाद ही डिस्पैच रजिस्टर में अंकित करते हुए उपलब्ध कराएं।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

### सूचना

मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम फूलवती पत्नी स्व. सुरेश है जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम पूनम देवी पत्नी स्व. सुरेश है। भविष्य में मुझे पूनम देवी पत्नी स्व. सुरेश के नाम से जाना व पहचाना जाये। **फूलवती पत्नी सुरेश, निवासी-अर्सिस बर्खिन, जिला बदायूँ**

### सूचना

मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम नन्हे पुत्र सुरेश व जन्मतिथि 01.01.1992 दर्ज है जो कि गलत है। जबकि वास्तविक नाम प्रदीप कुमार तथा जन्म तिथि 15.03.1997 है। भविष्य में मुझे प्रदीप कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये व जन्म तिथि 15.03.1997 माना जाये। **नन्हे पुत्र सुरेश, निवासी-अर्सिस बर्खिन, जिला बदायूँ**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र अजय पाल को उसके गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **बिहारी लाल पुत्र श्री बुद्धसेन, निवासी- ग्राम पिपराखास, पोस्ट व थाना बरखेड़ा कलां, तहसील व जिला पीलीभीत व हाल निवासी ग्राम मुड़िया अहमद नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली मो. 9457432866**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
10 मार्च 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
पं. राम नारायण शर्मा के आवास पर
ग्राम त्रिलोकपुर, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा बाल रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयाँ मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/– रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/– रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
3. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
4. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से : पं. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, पं. अचल कुमार शर्मा (पूर्व प्रधान)
पं. अमित कुमार शर्मा (एडवोकेट), मो. 9412604903
पं. अवनीश कुमार शर्मा (एडवोकेट), मो. 9695964286
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

## छात्रावास में मारपीट मामले में वार्डन से मांगी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में छात्रों के बीच मारपीट के मामले में कुलपति ने वार्डन से रिपोर्ट मांगी है। वार्डन की रिपोर्ट के बाद मामले में अनुशासन कमेटी बनाई जाएगी। जांच के बाद मारपीट करने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा शुक्रवार शाम को चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह ने घायल छात्रों का हाल जाना और मामले में जानकारी ली। वार्डन ने देर शाम छात्रावास में छात्रों से जानकारी कर रिपोर्ट तैयार की। गुरुवार दोपहर मेस में खाना खाने के दौरान एमटेक छात्र ऋषभ त्यागी का अन्य छात्रों से झगड़ा हो गया था। उस दौरान मामला शांत हो गया था लेकिन कुछ देर बाद छात्रों ने छात्रावास में डंडे लेकर घुस गए थे और जमकर मारपीट की थी, जिसमें तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में छात्र ऋषभ का कमरा भी सील कर दिया गया था।

# डीआईओएस कार्यालय का लिपिक पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

## मृतक आश्रित कोटे में नौकरी लगवाने को महिला से मांगे थे 6 लाख रुपये

संवाददाता, आगरा


आरोपी लिपिक राम प्रकाश

- एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों दबोचा, पुलिस ने जेल भेजा

**अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लिपिक को एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार रात पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। लिपिक मृतक आश्रित कोटे में महिला को नियुक्ति पत्र देने के बदले छह लाख रुपये की मांग कर रहा था। महिला ने किसी तरह पांच लाख रुपये जुटाए थे।

अश्वनी कुमार सिंह के पिता अनिरुद्ध कुमार सिंह सहायक अध्यापक थे। उनकी मृत्यु सितंबर 2020 में हो गई थी। अश्वनी ने शिक्षा पूरी करने के बाद तीन मार्च 2023 को मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी के लिए आवेदन किया। आवेदन पत्र को स्कूल ने वापस कर दिया। इसके बाद उनकी मां सरला ने मृतक आश्रित कोटे में नौकरी के लिए 14 मार्च 2023 को आवेदन किया।

इस पर विभाग ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई। डीआइओएस दफ्तर जा कर शिकायत करने पर अधिकारी ने वरिष्ठ सहायक रामप्रकाश से मिलने को कहा। रामप्रकाश ने पूरा प्रकरण सुनने के बाद नियुक्ति पत्र देने के लिए छह लाख रुपये की मांग की। किसी तरह पांच लाख रुपये में बात तय हुई। इसके बाद सरला ने एंटी करप्शन टीम को सूचना दी। रामप्रकाश ने तय रकम लेकर सरला से गुरुवार रात लायर्स कालोनी में आने को कहा। लिपिक रामप्रकाश ने जैसे ही रकम ली एंटी करप्शन की टीम ने घेराबंदी कर रुपयों समेत पकड़ लिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। सिकंदरा इंस्पेक्टर नीरज शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिपिक को जेल भेज दिया है।

## दिल्ली में नमाजियों को पीटना शर्मनाक

**संभल, अमृत विचार:** कुंदरकी से सपा के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने दिल्ली में नमाजियों के साथ पुलिस द्वारा मारपीट व अभद्रता की घटना को शर्मनाक बताया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार शाम अपने दीपा सराय आवास पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि दिल्ली में नामजियों के साथ पुलिस ने जो किया, वह बेहद शर्मनाक है। सड़क पर जुमे की नमाज अदा कर रहे मुसलमानों के साथ जो हुआ, उसका वीडियो घटना का सच बयान कर रहा है। पुलिस कर्मियों ने नमाज अदा कर रहे लोगों के साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि अमर्यादित व्यवहार कर उन्हें अपमानित किया है। इस घटना को लेकर मुसलमानों में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों व अधिकारियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

# सदर हवालात से फरार हुआ गैंगस्टर सचिन सैनी 15 दिन बाद गिरफ्तार

बरेली कार्यालय

- दोस्त से पैसे लेने लौटा था बरेली चौपुला पर पुलिस ने दबोचा
- फरार हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव की तलाश में अब भी दबिश

हवालात की सरिया काटकर फरार होने वाले 20 हजार के इनामी सचिन सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पुलिस पूछताछ कर साक्ष्य इकट्ठे कर रही है। उसके साथ फरार हुए हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**– घुले सुशील चंद्रभान,** एसएसपी

**अमृत विचार :** जनपद न्यायालय की सदर हवालात की सरिया काटकर 15 दिन पहले फरार हुए 20 हजार के इनामी गैंगस्टर सचिन सैनी को पुलिस ने शुक्रवार को चौपुला पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह यहां किसी दोस्त से पैसे लेने पहुंचा था। उसके साथ फरार हुए हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव का अभी सुराग नहीं लग पाया है।

बिहारीपुर ढाल निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी 23 फरवरी को पेशी के दौरान सदर हवालात की सरिया काटकर फरार हो गए थे।

काफी तलाश के बाद भी दोनों का कुछ पता नहीं लगा तो एसएसपी ने दोनों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को सूचना मिली कि सचिन सैनी चौपुला पुल के पास अपने किसी दोस्त से पैसे लेने आ रहा है। पुलिस ने यहां घेराबंदी करके उसे दबोच लिया। उसने पुलिस को बताया कि फरारी के बाद वह अंकित यादव के साथ अलग-अलग जिलों में घूमता रहा था। कुछ दिन पहले उसके पास पैसे खत्म हो गए तो एक दोस्त से पैसे लेने बरेली लौटा था।

### आधी सरिया 13 फरवरी को काटी, बाकी 23 को काटकर हो गए

**फरार:** सचिन ने पुलिस को बताया कि उसकी अंकित से जेल में ही दोस्ती हुई थी। अंकित की पत्नी और दोस्त ने उन्हें सरिया काटने के लिए ब्लेड लाकर दिया। सचिन ने बताया कि 13 फरवरी को भी दोनों पेशी पर आए थे। उसी दिन सरिया को आधा काटकर उन्होंने छोड़ दिया था। 23 फरवरी को दोबारा पेशी पर आए तो बाकी बची भी सरिया काटी और फरार हो गए।

# थाने में सिपाही ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

बरेली कार्यालय

- दोपहर को इंस्पेक्टर के साथ ड्यूटी से लौटे थे, शाम को आवास में मिले खून से लथपथ
- अफसरों ने आत्महत्या के पीछे जताया पारिवारिक कारणों का अंदेशा

**अमृत विचार :** थाना सिरौली में तैनात 25 वर्षीय सिपाही अरुण कुमार यादव ने शुक्रवार शाम सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या ली। आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। अफसरों का मानना है कि आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण हो सकते हैं। अरुण की एक साल पहले ही शादी हुई थी।

धनौरा (अमरोहा) के गांव फौलादपुर के रहने वाले अरुण 2018 में ही भर्ती हुए थे। थाना सिरौली में वह साल भर से तैनात थे। कई दिनों से उनकी ड्यूटी इंस्पेक्टर लवकुमार के हमराह के तौर पर लगी हुई थी। शुक्रवार दोपहर वह गुलड़िया के गौरीशंकर मंदिर से ड्यूटी के बाद लौटे थे और आराम करने के लिए सरकारी क्वार्टर पर चले गए। शाम छह बजे इंस्पेक्टर ने गश्त पर जाने के लिए उन्हें बुलाने सिपाही देवल को भेजा।

क्वार्टर के बाहर से आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो देवल ने अरुण के फोन पर कॉल की लेकिन कॉल भी रिसीव नहीं हुई। शक होने पर पुलिस वालों ने इकट्ठे होकर दरवाजा तोड़ा। अंदर अरुण खून से लथपथ पड़े थे, पास में ही इंसास राइफल पड़ी थी। टोढ़ी में मारी गई गोली सिर से बाहर निकल गई थी।

इंस्पेक्टर लव कुमार ने अरुण को फौरन थाने की गाड़ी से अस्पताल भिजवाया लेकिन अरुण दम तोड़ चुके थे। देर शाम एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी देहात मानुष पारीक, सीओ आंवला ने पहुंचकर पूछताछ की। एसपी देहात ने आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण होने की आशंका जताई है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा निवासी ओमप्रकाश (22) पुत्र सोमवीर गुरुवार शाम जुनावई क्षेत्र के गांव लतीपुर में बहन ममता के घर से भांजी खुशबू (8) को लेकर बाइक से घर लौट रहा था। कस्बा बबराला के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को रौंद दिया। वाहन बाइक को करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। हादसे में ओमप्रकाश की मौत हो गई जबकि खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया। युवक की मौत से मां प्रेमवती, पत्नी पूजा और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ओमप्रकाश की शादी 13 फरवरी को जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अहरौला नोआबाद की पूजा के साथ हुई थी।

# ताजमहल संरक्षित क्षेत्र में किया शिव तांडव, आरती

संवाददाता, आगरा


ताजमहल के पीछे मेहताब बाग में शिव तांडव करते पवन बाबा। ● अमृत विचार

- शिवरात्रि पर हिन्दू महासभा के पवन बाबा पहुंचे मेहताब बाग
- ताज महल में तैनात कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार:** शिवरात्रि पर हिंदू संगठन ने महताब बाग में ताजमहल को देख जल चढ़ाया। इसके बाद शिव चालीसा का पाठ कर आरती उतारी। यह सब कुछ संरक्षित क्षेत्र में हुआ है। मामले ने तूल पकड़ा तो जांच कराने की बात कही गई है।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के मंडल उपाध्यक्ष पवन बाबा ने महताब बाग से ताजमहल को देखते हुए जल चढ़ाया। इसके बाद संगठन के साथियों संग शिव चालीसा का पाठ किया। इतना ही नहीं, डमरू बजाकर ताजमहल के सामने तांडव मुद्राएं कीं। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट ने बताया कि जिसे लोग ताजमहल कहते हैं, वह तेजोमहालय मंदिर है. इसमें हमारे आराध्य शिव विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि पवन बाबा वृंदावन से आगरा आए। तय हुआ कि महाशिवरात्रि पर धार्मिक गतिविधियां की जाएंगी।

दरसल शुक्रवार को महिला दिवस के कारण मेहताब बाग में प्रवेश निःशुल्क था। पवन बाबा का बैग कर्मचारियों ने अंदर नहीं जाने दिया। वह बैग साथियों को देकर अंदर चले गए। साथियों ने दूसरी तरफ से बैग अंदर फेंक दिया। बैग में कपूर, गंगाजल, त्रिशूल, डमरू रखे थे। मेहताब बाग में ताजमहल की तरफ पहुंचकर पवन बाबा ने कुर्ता उतारा और यमुना किनारे दक्षिणी दीवार पर खड़े होकर जलाभिषेक किया। त्रिशूल हाथ में लेकर आरती उतारी, डमरू लेकर नृत्य किया। शिव तांडव और शिव चालीसा का पाठ किया। इसके बाद वह बाहर निकले तो कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### चेतावनी देकर छोड़ा

एत्माद्दौला थाना के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पवन बाबा ने लिखित में पुलिस को बताया है कि वह सूर्य की पूजा कर रहे थे। इसके बाद उन्हें चेतावनी नोटिस देकर स्वजन को सौंप दिया। अधीक्षण पुरातत्वविद डा. राजकुमार पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## बहन के प्रेम विवाह से नाराज भाई ने जीजा को गोली से उड़ाया

**चांदपुर (बिजनौर), अमृत विचार :** गांव मीरपुर खादर में शुक्रवार रात बहन के प्रेम विवाह से नाराज युवक ने बहनोई की गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी तमंचा लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गांव मीरपुर खादर निवासी ब्रजेश कुमार उर्फ डब्बू पुत्र उमराव सिंह ने लवी (26) पुत्र मुकेश सैनी की गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी तमंचा और खोखा लेकर थाने पहुंचा और कहा कि मैंने अपनी बहन के प्रेमी को गोली मार दी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन दिव्या सैनी आठ माह पहले ब्रजेश के साथ प्रेम विवाह कर गांव में रह रही थी। उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी नीरज कुमार मौके पर पहुंचे। एसपी का कहना है कि बहन के प्रेम विवाह से नाराज भाई ने घटना को अंजाम दिया है। आरोपी पुलिस अभिरक्षा में है और गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। मृतक के परिजनों से तहरीर ली जा रही है। पुलिस ने शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवा दिया है।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक दबोचा

**एटा:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध जुआ व सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए कोतवाली नगर क्षेत्र के गली धोवियान निवासी राजेश पुत्र कालीचरन को शहर की लीलावती धर्मशाला के पास से दबोच लिया। आरोपित के कब्जे से 1020 रुपए, सट्टा पर्ची व डाट पेन बरामद किया गया है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

# मदरसे बंद करने की बात चुनावी स्टंट : प्रतापगढ़ी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- राज्यसभा सदस्य बोले- 140 करोड़ लोगों का परिवार प्रधानमंत्री मोदी का जुमला


पत्रकारों से बातचीत करते इमरान प्रतापगढ़ी।

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता व राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सीएए लागू करना और उत्तर प्रदेश में 13 हजार मदरसे बंद करने की बात लोगों का ध्यान भटकाने वाला चुनावी स्टंट है। भाजपा मंदिर-मस्जिद और नफरत की राजनीति करती है।

संभल में सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के घर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे इमरान प्रतापगढ़ी ने पत्रकार वार्ता की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का दावा भी 25 लाख मिलने वाले जुमले से की तरह है। प्रधानमंत्री इस समय डरे हुए हैं, इसलिए वे 400 पार का नारा दे रहे हैं। केरल से मुस्लिम प्रत्याशी को भाजपा टिकट को लेकर इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मेरा प्रधानमंत्री मोदी से सीधा सवाल है। मुख्तार अब्बास नकवी, जफर इस्लाम, एमजे अकबर कहां हैं, जो राज्यसभा में हुआ करते थे। असदुद्दीन ओवैसी के यूपी में चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि उन्हें तेलंगाना में नकारा जा चुका है। इमरान ने प्रधानमंत्री मोदी के 140 करोड़ लोगों के परिवार वाले नारे पर भी कटाक्ष किया। कहा कि उनके परिवार में किसान आते हैं या नहीं। सात सौ किसान शहीद ही चुके हैं। इस दौरान कुंदरकी से सपा विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी मौजूद रहे।

## आत्महत्या का अंदेशा 42 लाख का कर्ज था आटा कारोबारी पर

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज में गोली लगने के बाद हाईवे किनारे मृत मिले आटा कारोबारी रोशनलाल की मौत का कारण अब तक साफ नहीं हो पाया है। पुलिस की छानबीन में यह जरूर पता चला है कि रोशनलाल पर करीब 42 लाख का कर्ज था।

छह माह वह खुद ही गंगापार से तमंचा खरीदकर लाए थे। इसी आधार पर आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने आत्महत्या कर ली। मथुरापुर निवासी रोशन लाल का शव दो दिन पहले दिल्ली हाईवे के किनारे मथुरापुर अड्डे के पास झाड़ियों में पड़ा मिला था। शव के पास से ही तमंचा बरामद हुआ था। उनके बड़े बेटे राजू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। अब बताया जा रहा है कि रोशन लाल पर पीरामल बैंक का 25 लाख, बैंक ऑफ बड़ोदा का सात लाख और मुरादाबाद के प्राइवेट फाइनेंसर का करीब 10 लाख रुपये का कर्ज था जिसे वह कारोबारी घाटे की वजह से चुका नहीं पा रहे थे।

# शासन को नहीं भेजी कार्रवाई की आख्या, कमिश्नर ने लिखा पत्र

बरेली कार्यालय


- बैठक में दिए गए आदेशों की रिपोर्ट के लिए जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए आदेशों पर हुई कार्रवाई की स्थिति से शासन को अवगत नहीं कराया गया है। इसको लेकर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल को मंडल के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखना पड़ा है। मंडलायुक्त ने सभी डीएम से तत्काल रिपोर्ट शासन को भेजने के आदेश दिए हैं।

दरअसल, 29 दिसंबर 2022 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की बैठक में तमाम बिंदुओं पर काम करने के आदेश दिए थे। कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजने के लिए कहा गया था, मगर अभी तक मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत से कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को नहीं भेजी गई है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने हाल ही में मंडल के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए आदेश पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट को जल्द शासन को भेजने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा कमिश्नर ने इसकी जानकारी उन्हें भी देने के लिए कहा है।

# रेल लाइन का निर्माण होने के बाद प्रगति का रास्ता पकड़ेगा जनपद

संवाददाता, एटा




- 389 करोड़ से कासगंज से एटा तक नई रेल लाइन डाली जाएगी

**अमृत विचार:** दशकों से उपेक्षा का शिकार रहे एटा रेलवे स्टेशन से अब उम्मीदें लगाई जा सकती हैं। जनता की ओर से किए गए आंदोलन और जनप्रतिनिधियों की पहल रंग लाई है। 389 करोड़ रुपये से कासगंज से एटा तक नई रेल लाइन का निर्माण किया जाना है जिससे यहां के व्यापार और पर्यटन को पंख लगेंगे और जिले का विकास तेजी से होगा।

1959 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने एटा रेल मार्ग की आधारशिला रखी थी। तबसे अब तक रेल लाइन आगे नहीं बढ़ सकी। जिसकी वजह से जिले में विकास रफ्तार नहीं पकड़ सका। लोगों के संघर्ष व आंदोलनों से 2016 में आगरा-एटा फास्ट पैसेंजर का संचालन शुरू किया गया। मगर इसके आवागमन का समय सही न होने के चलते लोगों को खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं लोगों की बड़ी जरूरत कासगंज से रेल लाइन जुड़ने की थी जिससे आगे भी यह दूसरे शहरों तक जुड़ जाता। इसके लिए इस बजट में पूर्वोत्तर रेलवे को धनराशि जारी कीर दी गई है।

कासगंज-एटा रेल लाइन के निर्माण से व्यापारियों को काफी लाभ होगा। क्योंकि बस या अन्य माध्यमों से माल लाने पर अधिक खर्च आता है। रेल के माध्यम से कम लागत में सामान दिल्ली, कानपुर व जयपुर आदि जगहों से आ सकेगा। लोगों को बड़े-बड़े शहरों तक आवागमन में सुलभता होगी। प्रदेश ही नहीं देश के भी बड़े उद्योगपति यहां उद्योग स्थापित कर सकेंगे जिससे जिले में विकास का रास्ता खुलेगा। वहीं जिले के पर्यटन को भी पंख लग जाएंगे। अचलपुर के पास स्थित अतरंजी खेड़ा एक प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थल है। यहां स्टेशन बनने से देश-विदेश से अनुयायी यहां पहुंचेंगे। साथ ही आसपास के जिलों से भी लोग यहां घूमने के लिए आसानी से पहुंच सकेंगे।

इसके अलावा जलेसर के पास स्थित पटना पक्षी विहार तक भी लोगों को पहुंचने में आसानी होगी। शहर के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर के साथ ही अवागढ़ का किला देखने भी पर्यटक आ सकेंगे।

### 29 किमी लंबी रेल लाइन पर बनेंगे 3 स्टेशन

भारतीय रेल की अधिकारिक वेबसाइट पर दर्शाया गया है कि एटा-कासगंज के बीच 3 स्टेशन बनाए जाएंगे। जिससे इस क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा। न्योराई, अचलपुर व रसूलपुर गढ़बा पर स्टेशन बनाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### नहीं आई टीम, साप्ताहिक बंदी पर खुलीं दुकानें



**अवागढ़, अमृत विचार :** जिला प्रशासन द्वारा साप्ताहिक बंदी के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित किया हुआ है। पिछले कई शुक्रवार से श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम के कस्बा में न आने के कारण साप्ताहिक बंदी का मखौल उड़ाया जा रहा है। श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश भी नहीं मिल पा रहा है। मोहल्ला अखाड़ा, बारहद्वारी, एटा रोड, आगरा रोड, लोहामंडी, जलेसर रोड, आदि स्थानों पर शुक्रवार को दुकानें खुली रहीं। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रवेंद्र वार्ष्णेय रिंकू ने जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह से साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन कराए जाने की मांग की है।

### बाजार में वाहन निकालने को लेकर विवाद में डाक्टर के साथ मारपीट

**जैथरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के कस्बा धुमरी में गाड़ी निकालने को लेकर विवाद हो गया। इसमें एक डाक्टर के साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने जैथरा थाने में 12 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कासगंज के पटियाली थानान्तर्गत मोहल्ला कटरा राजा साहब निवासी डा. नीरज चतुर्वेदी गुरुवार की देर सायं कस्बा धुमरी के मेन बाजार से गाड़ी से पटियाली जा रहे थे। रास्ता संकरा होने के कारण वाहन निकालते समय कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि कासगंज के पटियाली थानान्तर्गत गांव बहोरनपुरा निवासी अनुज समेत 10-12 लोगों ने मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसआई कपिल ने बताया है कि जांच पड़ताल की जा रही है। दूसरी ओर जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सुमिरात निवासी वीरपाल सिंह ने आरोप लगाया कि गांव के शशीकांत ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

# देश में कोई स्टार्टअप नहीं बचा : राहुल

## गोधरा पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा, कांग्रेस नेता ने जनसभा में की आलोचना

दाहोद (गुजरात), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि देश में कोई स्टार्टअप नहीं बचा है और जो अस्तित्व में हैं वे भी विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गोधरा रेलवे स्टेशन के सामने एक मुस्लिम बहुल इलाके में जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी सरकार की 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की आलोचना की और कांग्रेस के सत्ता में आने पर इस क्षेत्र को वित्त पोषित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने का वादा किया।

कांग्रेस नेता ने कहा क्या आपने कोई स्टार्टअप देखा है? क्या अब कहीं स्टार्टअप दिखते हैं? एक भी (स्टार्टअप) अस्तित्व में नहीं है। और जो अस्तित्व में हैं वे विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। हम 5000 करोड़ रुपये का कोष बनाएंगे ताकि गरीब किसानों और मजदूरों के बेटे अपने स्टार्टअप शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली हैं और सत्ता में आने पर कांग्रेस उन्हें भरेगी।

गांधी ने दावा किया कि केंद्र ने बड़े कॉरपोरेट घरानों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों, छात्रों और मजदूरों को ऐसी ही राहत देने के लिए तैयार नहीं है। इससे पहले दिन में, राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के दूसरे दिन दाहोद शहर से अपनी यात्रा फिर से शुरू की और यह यात्रा पड़ोसी पंचमहल जिले में गोधरा पहुंची। राहुल गांधी की यात्रा ने बृहस्पतिवार को राजस्थान से गुजरात में प्रवेश किया था।



दाहोद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत।

### 'न्याय यात्रा' का 17 मार्च को होगा समापन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का 17 मार्च को मुंबई में समापन होगा और इस मौके पर आयोजित होने वाली रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सभी घटक दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 17 मार्च की शाम मुंबई में एक विशाल रैली होगी। 17 मार्च को ही यात्रा का समापन होगा। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं को रैली के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं को पत्र भेज रहे हैं।

## एक नजर

### इजराइल में मारे गए भारतीय नागरिक का शव केरल पहुंचा

**तिरुवनंतपुरम।** इजराइल में मिसाइल हमले में मारे गए भारतीय नागरिक पी. मैक्सवेल का शव शुक्रवार शाम को एअर इंडिया की उड़ान से दिल्ली से केरल लाया गया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन और भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत टैमी बेन-हैम शव को प्राप्त करने के लिए तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर मौजूद थे। शव को तिरुवनंतपुरम से सड़क मार्ग द्वारा उनके गृहनगर कोल्लम ले जाया गया। परिजनों के मुताबिक मैक्सवेल का अंतिम संस्कार कोल्लम में शनिवार को शाम चार बजे किया जाएगा। मुरलीधरन ने कहा कि मैक्सवेल के परिवार को मुआवजा देने के लिए कागजी कार्रवाई चल रही है।

### निर्वाचन आयोग ने चुनाव से पहले की सुरक्षा की समीक्षा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले देश भर में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और उनकी आवाजाही के विषय पर गृह मंत्रालय और रेल मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। समझा जाता है कि निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के साथ ही जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराने की संभावना पर चर्चा की। यह बैठक ऐसी समय हुई है जब कुछ दिन बाद आयोग के लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है।

### महिला दिवस पर महिला किसानों ने संभाला मंच

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू और खनौरी में जारी किसानों के प्रदर्शन स्थलों पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला किसानों ने मंच संभाला। महिला किसानों ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार किसानों की मांगें नहीं मान लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शंभू और खनौरी सीमा पर किसानों का आंदोलन 25वें दिन भी जारी रहा और कई महिला किसान इन प्रदर्शन स्थलों पर पहुंचीं। एक महिला पंचायत का भी आयोजन हुआ, जिसमें महिला किसानों ने भाग लिया। महिला किसान नेताओं ने कहा कि वे 10 मार्च को रेल रोको प्रदर्शन में भी हिस्सा लेंगी।

**व अदालत अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम बरेली**

मूलवाद सं0 58 सन् 2020

1. मुराद अहमद वालिग पुत्र स्व0 मिट्ठू निवासी ग्राम गरगईया तहसील नवावगंज जिला बरेली। 2. मोहम्मद इसरार वालिग पुत्र स्व0 मिट्ठू निवासी ग्राम कलारी परगना तहसील सदर जिला बरेली। 3. मोहम्मद यामीन पुत्र स्व0 मिट्ठू निवासी ग्राम कलारी परगना तहसील व 4.मोहम्मद सरताज वालिग पुत्र स्व0 मिट्ठू निवासी ग्राम कलारी परगना तहसील सदर जिला बरेली। 5. मोहम्मद रिहान वालिग पुत्र स्व0 मिट्ठू निवासी ग्राम कलारी परगना तहसील व जिला बरेली। 6. श्रीमती मैना वी. वालिग पत्नी स्व0 मिट्ठू निवासी ग्राम कलारी परगना तहसील सदर जिला बरेली।........ वादीगण

बनाम

1. फरदीन जरी आर्ट स्थित द्वितीय तल आर.जैड. एफ.-37 गली नं0 18 पुल पहलादपुर नई दिल्ली 110044 द्वारा प्रोप्राइटर फरदीन उम्र वालिग पुत्र श्री अमानत हुसैन निवासी भगवानपुर धीमरी परगना तहसील सदर जिला बरेली।
2. यासीन अहमद पुत्र अमानत हुसैन निवासी ग्राम भगवानपुर धीमरी परगना तहसील व जिला बरेली।
3. जलील अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम एजाजनगर गौटिया परगना तहसील व जिला बरेली।
4. रफीक अहमद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम कुवरपुर वंजरिया परगना तहसील व जिला बरेली।
5. सईद अहमद वालिग पुत्र सहादत हुसैन निवासी ग्राम कुंवरपुर वंजरिया परगना तहसील व जिला बरेली।............ प्रतिवादिगण

चूंकि मुसम्मी मुराद अहमद आदि ने आपके नाम एक नालिस वास्ते बैनामा निरस्तीकरण हेतु वाद दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप व तारीख 12.03.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में वखूवी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज व तारीख 09.01.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया

जज

# गुरुग्राम के रेस्तरां में मुखवास खाने से लोगों के बीमार होने के मामले में महिला वेटर गिरफ्तार

गुरुग्राम, एजेंसी

**ला फॉरेस्टा रेस्तरां में लगा ताला, प्रबंधक पुलिस हिरासत में मालिक फरार**

हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित कैफे-सह-रेस्तरां 'ला फॉरेस्टा' में मुखवास के बजाय 'ड्राई आइस' परोसे जाने से पांच लोगों के बीमार पड़ने के मामले में पुलिस ने एक महिला वेटर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाद में महिला वेटर को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, वेटर के रूप में कार्यरत अमृतपाल कौर को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया और जमानत पर रिहा करने से पहले उनसे एक घंटे तक पूछताछ की गई। मानेसर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सुरेंद्र श्योराण ने कहा कि महिला वेटर ने खुलासा किया कि यह घटना गलती से हुई। पुलिस ने बताया कि रेस्तरां के प्रबंधक को पुलिस ने हाल में गिरफ्तार किया था जबकि रेस्तरां का मालिक अब भी फरार है। इसने बताया कि रेस्तरां घटना के बाद से बंद है। रेस्तरां में कथित तौर पर मुखवास (माउथ फ्रेशनर) के बजाए 'ड्राई आइस' खाने के बाद पांच दोस्तों के मुंह बुरी तरह छिल गए थे और उन्हें उल्टी होने लगी थी।

## पब्लिक नोटिस

मेरे मुवकिल्ल सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली की आरे से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूरा उर्फ जाकिर हुसैन पुत्र आदिल उर्फ मो. नदीम निवासी म.स. 270 मों. न्यू कटघर थाना किला बरेली उत्तर प्रदेश 243003 के है वह कि एक किता मकान गाटा सं. 618, 620, 628, 629, 632 और 634/2 ग्राम जसौली तहसील व जिला बरेली में स्थित है को नवाब हुसैन पुत्र नबी हुसैन निवासी बाकरगंज तह. व जिला बरेली से खरीदने के उपरांत मेरे मुवकिल्ल से ऋण ले रहे हैं उपरोक्त नाम भूरा उर्फ जाकिर हुसैन पुत्र आदिल उर्फ मो. नदीम एक ही नाम है जिसका बैनामा दिनांक 12.03. 2013 बही नं. 1 जिल्द 6103 पेज 351 से 362 दस्तावेज नं. 3581 है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो वह प्रशासन की तिथि से 7 दिन के अंदर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुए कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है उक्त ऋण भूरा उर्फ जाकिर हुसैन पुत्र आदिल मो. नदीम को प्रदान कर दिया जायेगा।

**सुशान्त सक्सेना एडवोकेट**
**पैनल एडवोकेट**
**सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली**
**बगिया चैम्बर नं. 1, निकट पोस्ट ऑफिस**
**सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली**
**मो.नं. 9637205613**

### विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप पर साइबर अटैक

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थापित जिस विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का वर्चुअल लोकार्पण किया था, उस पर साइबर अटैक हुआ है। दरअसल महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आज इसका पूर्व घोषित 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' नाम से फ्री मोबाइल ऐप जारी किया जाना था। इस वैदिक घड़ी को निर्मित करने वाले आरोह श्रीवास्तव का कहना है कि इस हमले को तकनीकी भाषा में डीडीओएस अटैक कहा जाता है, जिससे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के सर्वर की प्रोसेस धीमी हो रही है और आम लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे है। आरोह ने इस अटैक की साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करने के लिए संस्थान प्रमुख से कहा है। आरोह के अनुसार इंटरनेट और जीपीएस से जुड़ी होने के कारण दुनिया में कहीं भी इसका उपयोग किया जा सकता है। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल वैदिक घड़ी है जो इंडियन स्टैंडर्ड टाइम भारतीय पंचांग और मुहूर्त की जानकारी देती है। इसको मोबाइल और टीवी पर भी सेट किया जा सकता है।

### बरौनी-गुवाहाटी गैस पाइपलाइन का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को असम की यात्रा के दौरान बरौनी-गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना पूर्वोत्तर क्षेत्र को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने का काम करेगी। इस पाइपलाइन को बिछाने वाली कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक ए के त्रिपाठी ने शुक्रवार कहा कि यह पाइपलाइन स्वच्छ ऊर्जा का एक भरोसेमंद स्रोत प्रदान करेगी। बिहार, पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरने वाली 718 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के महारत्न उपक्रम गेल ने 3,992 करोड़ की लागत से बनाया है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बदायूँ

पत्रांक : 1625/63-04/2023-24 दिनांक : 07.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त भूस विक्रेताओं/पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका को निकाय निधि मद के अन्तर्गत अस्थाई गौशाला में गायों के भरण-पोषण हेतु भूसे की आपूर्ति का कार्य निम्न तालिकानुसार कार्य कराया जाना है। अतः इच्छुक पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों/विक्रेता अपनी-अपनी निविदायें दिनांक 12.03.2024 को मध्यान्ह 3 बजे तक सीलबंद लिफाफे में जिसके एक ओर निविदादाता का नाम व पता तथा दूसरी ओर अधोहस्ताक्षरकर्ता का नाम/पता स्पष्ट रूप से अंकित हो, कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। प्राप्त निविदायें उसी दिन सायं 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय में खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ निम्नानुसार 2% धरोहर राशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./ "जोकि अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक हो", धरोहर राशि के रूप में जमा करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा ग्राहय नहीं होगी तथा निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी निविदा या प्रार्थना-पत्र पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा को किसी भी समय स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। आपूर्ति के समय 8% धनराशि जमानत राशि के रूप में और जमा करनी होगी तथा निर्धारित स्टॉप पर पालिका से अनुबन्ध भी गठित करना होगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**तालिका**
**निविदा विक्रय तिथि 11.3.24 को 4:00 बजे तक**

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा | धनराशि (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | धरोहर राशि (2%) | निविदा मूल्य+ 18% जी.एस.टी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1. | नगर पालिका परिषद बदायूँ को गायों के भरण-पोषण हेतु भूसे की आपूर्ति का कार्य। | 300 Qtl. | 3,00,000/- | 6000 | 354/- |

(अधिशासी अधिकारी) नगर पालिका परिषद, बदायूँ — (अध्यक्ष) नगर पालिका परिषद, बदायूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत पनवाड़िया परतीत पुर, वि.खं. भदपुरा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईंट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें दिनांक 09.03.2024 से 14.03.2024 तक समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी जो उसी दिन ग्राम पंचायत में दोपहर 2:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | कुँवर सेन के घर से चेतराम के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,52,492.00 |

ममता देवी, ग्राम प्रधान — अमित गंगल, सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत कटैय्या बल्देव सिंह, विकास खण्ड भदपुरा, बरेली।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तीकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में पंद्रहवा वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग ओडीएफ प्लस व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में मुश्ताक के घर से मेन रोड तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य जिस कार्य हेतु प्राक्कलन धनराशि 2,41,416.57 लम्बाई 72 मीटर व अन्य जगह इन्टरलॉकिंग रोड निर्माण व नव नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, विद्युतीकरण, दरी, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट की स्थापना/अनुरक्षण हैंडपंप रीबोर, हैंडपम्प मरम्मत, ह्यूम पाइप क्रय, बाल पेन्टिंग (स्कूल, पंचायत घर, शौचालय व अन्य जगह) स्कूल, शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउन्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पंचायत घर मरम्मत, विद्यालयों का कायाकल्प व अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त कार्यों हेतु इंटरलॉकिंग, ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, बजरी, सरिया, लोहा, मिट्टी/राख, ठेली, पेन्ट, क्रय पी.पी. , किट व सैनेटाइजर क्रय, मास्क, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड स्टेशनरी, फॉगिंग, सफाई किट, कूड़ादान, डेस्कटॉप मरम्मत, प्रिन्टर मरम्मत स्टैवलाइजर मरम्मत, बैटरी, सीसा, पट्टी, पन्नी व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 09.03.2024 की पूर्वान्ह 11 बजे से आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12.03.2024 को दोपहर 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है दिनांक 12.03.2024 को दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा।

प्रधान-माला गंगवार — सचिव-संगीता देवी

## कार्यालय ग्रा.पं. जहानपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-10/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-06.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प. जहानपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 13.03.2024 को पूर्वान्ह 11 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 12:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मानक |
|---|---|---|
| 1. | गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा | लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जहानपुर निगोही (शाहजहाँपुर) — सचिव, ग्राम पंचायत जहानपुर निगोही (शाहजहाँपुर)

## कार्यालय ग्राम पंचायत नगरीया कलां, विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन की 2023-24 की कार्य योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक,एन्सीलेटर,भस्मक क्रय व आर.आर. सी. सेन्टर, नाली निर्माण, सोकपिट वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप, शिल्ट केचर/चेम्बर आदि बनाने हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेंट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य एस.बी.एम/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | सामग्री की मात्रा | सामग्री की दर | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामु. खाद गड्ढा (SLWM) | 44 | 22,000/- | 9,68,000/- |
| 2 | सामु. वर्मी कम्पोस्ट (SLWM) | 7 | 57,318/- | 4,01,226/- |
| 3 | ई-रिक्शा (SLWM) | 1 | | 1,25,000/- |
| 4 | आर.आर.सी. सेंटर (SLWM) | 1 | | 10,00,000/- |
| 5 | इन्सीनरेटर (टाइड) | 2 | 15,000/- | 30,000/- |
| 6 | सामु. सोकपिट (टाइड) | 22 | 22,000/- | 4,84,000/- |
| 7 | फिल्टर चैम्बर तालाबों पर (SLWM) | 4 | 45,334/- | 1,81,336/- |
| 8 | वेटर स्टैबलाइजेशन पौण्ड (WSP) (टाइड) | 1 | 4,65,098/- | 4,65,098/- |
| 9 | व्यक्तिगत लीच पिट (टाइड) | 6 | 17,000/- | 1,02,000/- |
| 10 | सामु. लीच पिट (टाइड) | 4 | 18,000/- | 72,000/- |
| 11 | तालाबों/वेटलैण्ड का सौन्दर्यकरण (मनरेगा) केना आदि का रोपण | 1 | | 1,00,000/- |

उक्त सामग्री लगाये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रकाशित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार निर्माण समिति को होगा। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफडी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक होनी चाहिए। निविदा सूचना 12.03.2024 तक 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 3 बजे खोली जाएगी।

प्रधान — सचिव

## कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज (बरेली)

पत्रांक : 447/न.पं.मीर/2023-24 दिनांक 08.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत मीरगंज (बरेली) को शासनादेश सं.-RF-68/2024/143/002-E-1795006 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 07 मार्च 2024 को पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान सं.-83 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 09.03.2024 को समय सुबह 10:00 बजे से दिनांक 15.03.2024 को समय सुबह 11:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाएंगी। निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.03.2024 को सुबह 10:00 बजे से दिनांक 15.03.2024 तक समय सुबह 11.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज, बरेली एवं कार्यालय उपजिलाधिकारी महोदय मीरगंज, बरेली व कार्यालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र.)/प्रभारी अधिकारी (स्था.नि.) महोदय, बरेली (नगर पंचायत अनुभाग कलेक्ट्रेट) में की जायेंगी। निविदायें कार्यालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र.)/प्रभारी अधिकारी (स्था.नि.) बरेली के कार्यालय में दिनांक 15.03.2024 को समय दोपहर 1:00 बजे ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। ठेकेदार को निविदाओं के साथ स्व घोषणा पत्र व अनुबन्ध पत्र एवं 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि नकद जमा करना अनिवार्य है। निविदा की अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | आगणन धनराशि जी. एस.टी. सहित | आगणन धनराशि बिना जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क (18% जी.एस. टी.सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव शर्मा की दुकान से पंजाब नेशनल बैंक तक साइड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 876388 | 742702 | 14854 | 944 | 15 दिन |
| 2. | किसान ऐग्रो सेन्टर से सांई इण्टरप्राइजेज तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 996300 | 844322 | 16886 | 1062 | 15 दिन |
| 3. | कोमल टैण्ट हाउस से बन्टी उपाध्याय की दुकान तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 917550 | 777585 | 15552 | 944 | 15 दिन |
| 4. | श्री बाला जी ऑटो सर्विस से मामा सीमेन्ट चादर के आगे तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 822277 | 696845 | 13937 | 826 | 15 दिन |
| 5. | समाजवादी पार्टी कार्यालय से तहसील मुख्यालय एस.डी.एम. साहब के निवास के गेट तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 997790 | 845584 | 16912 | 1062 | 15 दिन |
| 6. | श्री श्याम किराना स्टोर के सामने से मजार के आगे तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 976038 | 827150 | 16543 | 1062 | 15 दिन |
| 7. | तहसील की दक्षिणी दीवार से लव गुप्ता के पेट्रोल पम्प तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 996038 | 844100 | 16882 | 1062 | 15 दिन |
| 8. | अजहरी आटो पार्ट से श्री राम बैंकट हाल के आगे तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 967681 | 820069 | 16401 | 1062 | 15 दिन |
| 9. | शंकर गुप्ता की दुकान से सेन हैल्थ क्लीनिक तक सा ईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 820652 | 695468 | 13909 | 826 | 15 दिन |
| 10. | गांधी के प्लाट से मुर्शरफ के मकान तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 890528 | 754685 | 15094 | 944 | 15 दिन |
| 11. | उमर की दुकान से राजा ट्रेडर्स व राधिका मेडिकल से पहले तक साईड पटरी, इ.ला. निर्माण कार्य मो. राजेन्द्रनगर। | 729621 | 618323 | 12366 | 826 | 15 दिन |

मुख्य शर्तें निम्न प्रकार हैं :-
1. कार्यों के आगणन व अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज से प्राप्त कर सकते हैं।
2. बिना कारण बताये निविदा को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

लिपिक, नगर पंचायत मीरगंज (बरेली) — अवर अभियन्ता, नगर पंचायत मीरगंज (बरेली) — अध्यक्ष, नगर पंचायत मीरगंज (बरेली)

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2238/142सी0(ई0टेण्डर)-3/23 दिनांक: 29.02.2024

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन-लाइन ई-निविदा दिनांक 11.03.2024 से दिनांक 28.03.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 28.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | लागत: 5 वर्ष अनुरक्षण की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | लागत: कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सड़क निधि योजनान्तार्गत नवनिर्माण के कार्य | | | | | | | | |
| 1 | एन0एच0-24 ग्राम बरतारा से जहानपुर होकर सरही नहर पुलिया तक मार्ग। | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 278.93 | 21.13 | 300.06 | 17.00 | 2725.00 | 12 | ए |
| 2 | रमेश्वरगंज गौटिया से खिरिया घाट तक सम्पर्क मार्ग। | | 81.16 | 6.15 | 87.31 | 6.37 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 3 | ग्राम खिरिया रसूलपुर से पंचदेवरा सम्पर्क मार्ग। | | 270.74 | 20.51 | 291.25 | 16.56 | 2725.00 | 12 | ए |
| 4 | ब्लाक सिंधौली कटिया मुर्छा मार्ग से ग्राम (कोटावारी) करनैयापुर तक मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। | | 120.01 | 9.09 | 129.10 | 8.45 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 5 | सुराही मार्ग से समौरा सम्पर्क मार्ग। | | 190.64 | 14.44 | 205.08 | 12.25 | 2725.00 | 12 | 'ए' |
| 6 | सिंघीपुर कल्वर्ट मार्ग (अ0जि0मा0) किमी-10 से फतेहपुर नहर पुलिया से रखिया बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग। | | 102.74 | 7.78 | 110.52 | 7.53 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 7 | गोला मोहम्मदी शाहजहाँपुर सम्पर्क मार्ग (मछेछा पुल) से ग्राम रक्शा के पुल तक नहर की पटरी पर मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। | | 151.13 | 11.45 | 162.58 | 10.13 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 8 | ग्राम रूजवारी जूनियर हाईस्कूल (यज्ञशाला) से होकर सरेखी (सेरली) सम्पर्क मार्ग। | | 84.14 | 6.37 | 90.51 | 6.53 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 9 | जनपद शाहजहांपुर ब्लॉक कॉट मल्लपुर से बहादुरपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 100.54 | 7.62 | 108.15 | 7.41 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 10 | पड़ैचा मोड़ से ग्राम अमोरा सम्पर्क से पाल ब्रिक फिल्ड से ग्राम सिरोमनपुर होते हुये मरेना-गटेहरा सीमा चकरोड से इमिलिया मरेना रोड तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 193.53 | 14.66 | 208.19 | 12.41 | 2725.00 | 12 | ए |
| 11 | कांट कुर्रिया कलाँ मार्ग से मार्ग से ग्राम कुर्रिया बहरी की पुलिया से ग्राम कुतआपुर के उत्तरी रास्ते से होते हुये ग्राम पल्हौरा की पुलिया तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 112.68 | 8.54 | 121.21 | 8.06 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 12 | ब्लॉक कॉट में मल्हपुर से बिरारा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 85.59 | 6.48 | 92.07 | 6.60 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 13 | मल्हपुर से सरथौली सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 103.78 | 7.86 | 111.64 | 7.58 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 14 | कटरा जलालाबाद मार्ग से कुनिया जमालपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 129.52 | 9.81 | 139.33 | 8.97 | 2725.00 | 09 | ए, बी |
| 15 | ब्लाक ददरौल में अजीजगंज चौहनापुर मार्ग से ग्राम चांदापुर देवी स्थान तक मार्ग का निर्माण का कार्य। | | 57.18 | 4.33 | 61.52 | 5.08 | 2725.00 | 06 | ए, बी, सी |
| 16 | कुल्लुपुर से कुनिया शहनजीरपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 186.24 | 14.11 | 200.35 | 12.02 | 2725.00 | 12 | ए, |
| 17 | जरौली से भुड़ी ककोड़ा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 122.41 | 9.27 | 131.69 | 8.58 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 18 | जलालाबाद अल्लागंज मुख्य मार्ग से ग्राम चिलौआ मार्ग से रघुवर दयाल इण्टर कालेज होते हुए सेड़ा नाला सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 115.03 | 8.71 | 123.75 | 8.19 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 19 | ब्लाक मदनापुर उमरसड़ से मटेहना सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 112.98 | 8.56 | 121.54 | 8.08 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 20 | ग्राम जल्लापुर गढिया रंगीन अमरेडी से मलरिया मिर्जापुर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 169.32 | 12.83 | 182.15 | 11.11 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 21 | ग्राम मरेना विक्रमपुर छूटे हुये मार्ग से विक्रमपुर आबादी तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 153.39 | 11.62 | 165.01 | 10.25 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 22 | ग्राम हिमतपुर वडियाकला मार्ग से हिमतपुर वडिया गॉव तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 102.13 | 7.74 | 109.87 | 7.49 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 23 | ब्लॉक कलान में ग्राम हरनौखा से चौकिया सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 126.15 | 9.56 | 135.70 | 8.79 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 24 | जल्लापुर ढकिया रंगीन मार्ग से जगत पिपरथना पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री रूप सिंह के मकान तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 51.47 | 3.90 | 55.37 | 4.77 | 2725.00 | 06 | 'ए, बी, सी' |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 205286 दिनांक 07.03.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**(महेन्द्र कुमार पाल)** अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर
**(रथिन सिन्हा)** अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर
**(अभिनेश कुमार)** अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहै:।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है, जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

## संपादकीय

# भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्कई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें, परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है, यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों, उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था, जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# अब अपना हक मांगती आधी दुनिया



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं, पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां, माधुरी कहती हैं, "मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी, उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं, क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है, जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं, पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है, पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं, जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

## प्रसंगवश

# जो रचेगा, सो बचेगा

फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, बिलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं' कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा, किसी का खो जाएगा, किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।



अनूप शुक्ल
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट, जो प्रायोजित नहीं हैं, कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों, मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें, जो रचेगा, सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िए: चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

# कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार ( जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं ) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं, वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं, लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना, हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं, उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

## सोशल फोरम

# पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों, बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान, जानवर, राक्षस, संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल हृदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर, वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी, मगर विशाल विराट बदन में दिल, तब दिखेगा, जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं, मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था, किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त, न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं, तपस्या हैं, तप हैं, प्रताप हैं, सरल हैं, साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है, वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर हृदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस, दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है, यह निर्माण और विस्तार का दिन है।



हफीज किदवई
लेखक

-फेसबुक वॉल से

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं, ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों, युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज, उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन), हृदयाघात (हार्टअटैक), रुमैटिक हृदय रोग, विविध कैंसर-स्तन, योनि, गर्भाशय, घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन, नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैः युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

# आने वाले समय में उप्र. में होंगे 100 कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट

## नए सीबीजी प्लांट के लोकार्पण में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट (कंप्रेस्ड बायो गैस)हैं और आने वाले समय में उप्र. में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के नए सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उप्र. का बड़ा योगदान होने जा रहा है। इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है।

### दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग की शुरुआतः योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत की। योगी ने यहां ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक श्रीराम चौहान, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शांतनु गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पिता ने सात माह की बेटी को सड़क पर पटक कर मार डाला

**कुशीनगर, एजेंसी :** कुशीनगर के खड्डा क्षेत्र में एक बेरहम पिता ने अपनी सात माह की बच्ची को सड़क पर पटक-पटक कर मार डाला। पुलिस के अनुसार खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गौनहा गांव के जंगल टोला निवासी विवेक भूसहर की शादी दो वर्ष पूर्व गांव के ही रीतू से हुई थी। उनकी एक सात माह की बेटी निशा थी। गुरुवार की रात आठ बजे पति-पत्नी में खाना जल्दी बनाए जाने को लेकर कहा-सुनी हुई। पत्नी बच्ची को गोद में लेकर खिला रही थी कि शराब के नशे में चूर पिता विवेक ने आवेश में आकर बच्ची को मां की गोद से छीन कर दरवाजे के सामने पक्की सड़क पर पटक-पटक कर मार डाला। बच्ची की मां चिल्लाती रही और जब तक लोग वहां पहुंचते विवेक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# इलाज के लिए आई महिला से मौलाना ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, बसखारी (अंबेडकरनगर)

- पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मौलाना को किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** किछौछा के एक मौलाना द्वारा गैर प्रांत से जियारत के लिए आयी एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से परिवार के साथ रूहानी इलाज के लिए आयी जायरीन महिला के साथ झाड़-फूंक का काम कर रहे एक मौलाना ने घर में बंधक बनाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोप है कि रूहानी इलाज के लिए आई महिला के परिजनों को बाहर बैठाकर मौलाना अरशफ रूहानी इलाज के नाम पर महिला को एक कमरे में ले गया। इसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोप यह भी है कि मौलाना ने महिला और परिजनों को मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने इसके बाद बसखारी थाने में आरोपी मौलाना के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस पर बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ निवासी किछौछा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे खानकाह से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### खीरी समेत तीन जिले बढ़ाएंगे अंडे का उत्पादन

**लखनऊ,अमृत विचार :** लखनऊ, लखीमपुर खीरी व रायबरेली में अंडा उत्पादन और बढ़ेगा। तीनों जिलों को उत्पादन में बी ग्रेड मिलने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंडलीय बैठक में निर्देश दिए हैं। जहां, कुक्कुट विकास को बढ़ाया जाएगा। हाल में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ मंडल के जिलों में पशु पालन की समीक्षा की थी। अंडा उत्पादन में लखनऊ, रायबरेली व लखीमपुर खीरी में अधिक होने पर ब्री ग्रेड मिला था। साथ ही इन जिलों को और उत्पादन की संभावनाएं होने पर और बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में संबंधित जिले कुक्कुट विकास पर और काम करेंगे। पशु पालन विभाग पशु पालकों और उद्यमियों को जागरूक करेगा और योजनाओं से लाभान्वित कर इकाई लगवाएगा। मंडलीय बैठक में पशु टीकाकरण की समीक्षा की गई। जनवरी में अभियान चलाया गया था। इसके तहत लखीमपुर खीरी में 97.61 फीसद, लखनऊ में 95.08 व उन्नाव में 45 दिन चले अभियान में 99.55 पशुओं का टीकाकरण किया गया। जबकि अन्य जिलों ने लक्ष्य की पूर्ति की। लखनऊ, लखीमपुर खीरी व उन्नाव के जिलाधिकारी व सीडीओ को 100 फीसद टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अगले साल पूरा होगा केदारेश्वर मंदिर का निर्माण

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि उनके गृह जिले में बन रहा केदारेश्वर महादेव मंदिर अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने निर्माणाधीन मंदिर का एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया है। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि आशा है अगले वर्ष की महाशिवरात्रि तक इटावा के निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर का अतिदिव्य स्वरूप पूर्ण रूप में साकार हो जाएगा और समस्त शिवभक्तों के लिए आस्था, आशीर्वाद और मनोकामना पूर्ति की नवीन त्रिवेणी बनेगा।

### शिक्षक अभ्यर्थियों ने केशव प्रसाद के घर पर किया प्रदर्शन

**लखनऊ, अमृत विचार :** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के आवास का घेराव कर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक मुलाकात नहीं कराई। उप मुख्यमंत्री के आवास के बाहर तैनात पुलिस बल प्रदर्शनकारियों को बस में बैठकर इको गार्डन धरना स्थल छोड़ आया।

### पांच जिलों में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में समाज कल्याण निदेशालय ने एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पांच जिलों में चार नए आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) खोले जाएंगे। एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालय में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। एक फरवरी को आए केंद्रीय बजट में भी छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट बढ़ाया गया था। बजट को 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। नए वित्तीय वर्ष में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने का लाभ छात्रों को मिलेगा। आश्रम पद्धति विद्यालय को भी ऑनलाइन करने की तैयारी है। पिछले माह शुरू हुए कल्याण साथी मोबाइल एप पर इसका विवरण उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को इस बात की जानकारी भी मिल सके कि किस आश्रम पद्धति विद्यालय में कितनी सीटें खाली हैं। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार एटीएस का डाटा बैंक भी बनाया जाएगा।

# डेबिट-क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करने पर ही मिलेगा सेलरी पैकेज का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस मुख्यालय ने विभागाध्यक्षों को भेजा पत्र, कहा-सभी को किया जाए जागरूक

**अमृत विचारः** बैंक आफ बड़ौदा के सेलरी पैकेज में दुर्घटना बीमा दावा के नियम को या तो पुलिसकर्मी समझ नहीं पाए हैं अथवा जिम्मेदार अफसरों ने उन्हें समझाया नहीं, इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि उनका डेबिट कार्ड पर (दस लाख) तथा क्रेडिट कार्ड (20 लाख) का अधिक बीमा धन का भुगतान अटक गया। इस बाबत पुलिस मुख्यालय से सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को पत्र भेजा है। उस पत्र में कहा गया कि इस संदर्भ में बैंक ऑफ बडौदा के महाप्रबंधक एवं आंचलिक प्रमुख की ओर से भेजे गए स्पष्टीकरण के तथ्यों से पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को अवगत कराने हुए जागरूक किया जाए।

पुलिस महकमें के तकरीबन साढ़े तीन लाख पुलिस अफसरों और कर्मियों का वेतन पहले एसबीआई से मिलता था। बाद में बैंक आफ बड़ौदा की ओर से बेतहर सुविधा के मिले ऑफर, जिसमें पुलिसकर्मियों के ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मौत पर एक करोड़ पांच लाख तथा ऑफ ड्यूटी दुर्घटना में मौत होने पर 90 लाख था। इसमें योद्धा डेबिट कार्ड पर दस लाख विक्रम क्रेडिट कार्ड पर 20 लाख दुर्घटना बीमा शामिल था। इस ऑफर के बाद पुलिस महकमें का सेलरी उसमें (बैंक आफ बड़ौदा) ट्रांसफर हो गया। पुलिस अधीक्षक भवन एवं कल्याण आशुतोष मिश्र ने पत्र लिखकर बैंक की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण से अवगत करते हुए बताया है कि बैंक से हुए करार (एसओयू) के तहत डेबिट कार्ड दुर्घटना बीमा पाने के लिए, दुर्घटना के 30 दिन के भीतर डेबिट का प्रयोग होना आवश्यक है।

# आदर्श ग्रामों का चयन तो हुआ पर घोषित नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम चयनित तो हुए लेकिन, लक्ष्य के सापेक्ष घोषित नहीं हो पाए। 2018 से 2022 तक 6,171 ग्रामों का चयन किया गया था। लेकिन, पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार 1077 ही आदर्श ग्राम घोषित हो पाए हैं। योजना उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की है। इसमें 40 से 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के आबादी वाले गांवों का विकास कर सुविधाओं से लैस करना है। प्रति ग्राम दो चरणों में 20 लाख रुपये विकास कार्य के लिए मिलते हैं।

विभाग ने कार्यों की समीक्षा की तो 3605 ग्रामों के सर्वेक्षण में 25,68,074 लाभार्थी चयनित पाए। इसमें 7,23,399 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया। जबकि 3,49,544 लाभार्थी अपात्र व अनिच्छुक मिले। जबकि 14,95,131 लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।

# महिला दिवस पर लखनऊ को मिली वंदे भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली। पटना से लखनऊ के बीच इस ट्रेन का ट्रॉयल आज पूरा कर लिया गया। 12 मार्च इस ट्रेन के नियमित संचालन की तैयारी है। इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को लखनऊ से पटना के बीच कम समय में बेहतर सफर की सुविधा मिलेगी।

ट्रायल रन में वंदे भारत एक्सप्रेस ने अपना सफर निर्धारित समय से 15 मिनट पहले पूरा कर लिया। 8 घंटे 40 मिनट पर ट्रेन चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, तभी से उसका नियमित संचालन शुरू हो जाएगा। लखनऊ से पटना और पटना से लखनऊ के बीच यात्रियों के लिए कामर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक तैयार हैं। एक - एक कर उन्हें पटरी पर उतारा जा रहा है। लखनऊ से पटना के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संचालन की जिम्मेदारी पूर्व मध्य रेलवे जोन को सौंपी गई है।



मौके ● अमृत विचार

- ट्रायल के दौरान पटना से लखनऊ पहुंची ट्रेन, 12 से नियमित संचालन

**15 मिनट पहले चारबाग पहुंच गई ट्रेन :** सुबह 6.05 बजे से ट्रेन पटना स्टेशन से रवाना की गई। इसके बाद दानापुर, आरा, बक्सर दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन, वाराणसी, अयोध्या होते हुए दोपहर 2.30 बजे ही चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। ट्रेन के चारबाग पहुंचने का समय 2.45 बजे था। 15 मिनट पहले ही चारबाग के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंच गई। इस ट्रेन को हफ्ते में छह दिन चलाने की तैयारी है।

### शाहजहांपुर, बरेली और मुरादाबाद में भी ठहराव

लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का रूट सर्वे पिछले साल अक्टूबर में ही हो गया था। लखनऊ जंक्शन से यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे छूटेगी। ट्रेन दोपहर 1:35 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में देहरादून से दोपहर 2:25 बजे चलकर रात 10:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन सप्ताह में छह दिन होगा। ट्रेन का ठहराव शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, और हरिद्वार स्टेशनों पर होगा।

# आचार संहिता से पहले लोक निर्माण विभाग को धनावंटन पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मानीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने चौबीस घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।




- रामपुर, लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों को जारी हुई करोड़ों की धनराशि

### 61 सड़कों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हालात

लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, आदि जिलों की पीडब्ल्यूडी से बनने वाली 61 सड़कों के लिए एक-एक लाख रुपये जारी करके शासन ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। जबकि इन नई सड़कों के लिए इस सत्र में 503.27 करोड़ का बजट पास किया गया था।

# लखनऊ से चित्रकूट का हवाई सफर 1048 रुपये में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दस को पांच जिलों के लिए शुरू हो सकती है विमान सेवा

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना उड़ान को सफल बनाने के लिए लखनऊ से पांच जिलों के लिए सस्ती उड़ान सेवा दस मार्च को शुरू हो सकती है। इसकी शुरुआत फ्लाई बिग एयरलाइंस करेगी। लखनऊ से चित्रकूट, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती के लिए उड़ानें शुरू होंगी। दस मार्च को प्रधानमंत्री वर्चुअल इसका शुभारंभ कर सकते हैं। इन जिलों के लिए किराया सिर्फ 1048 से पंद्रह सौ रुपये के बीच होगा।

**ये है विमान सेवा का शेड्यूल :** लखनऊ से श्रावस्ती : विमान एस 9-337 दोपहर सवा तीन बजे उड़ान भरकर शाम चार बजे श्रावस्ती पहुंचेगी और एस9-340 शाम 4:20 पर उड़ान भरकर लखनऊ शाम 5:10 पर पहुंचेगी।

लखनऊ से चित्रकूट : विमान एस9-333 सुबह 11:40 पर उड़ान भरेगी और दोपहर 12:35 पर चित्रकूट पहुंचेगी। चित्रकूट से एस9-334 दोपहर 12:25 पर उड़ान भरकर दोपहर 2:05 पर लखनऊ पहुंचेगी।

लखनऊ से अलीगढ़ : विमान एस9-315 लखनऊ से 12:10 पर उड़ान भरेगी।

लखनऊ से आजमगढ़ : विमान एस 9-331 लखनऊ से सुबह 8:55 पर उड़ान भरेगा और सुबह 9:50 पर आजमगढ़ पहुंचेगा। एस9-332 सुबह 10:10 पर उड़ान भरेगा और 11:10 पर लखनऊ पहुंचेगा।

लखनऊ से मुरादाबाद : विमान एस 9-327 लखनऊ से सुबह 8:45 पर उड़ान भरेगा और सुबह 10:05 पर मुरादाबाद पहुंचेगा। एस9-330 सुबह 10:25 पर उड़ान भरेगा और 11:30 पर लखनऊ पहुंचेगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ आ रहे हैं। रक्षा मंत्री दस मार्च को चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर तीसरे नए टर्मिनल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।


## वर्ग पहेली-4

**बाएं से दाएं**

3. 1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।
5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।
6. 1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।
9. 1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

**ऊपर से नीचे**

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।
2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्ग।
4. 1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंग चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी
5. 1. क्रय-विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।
7. 1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर-उधर फैलाना, तितर-बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।
8. 1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।



### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | | | 2 प | न | 3 स |
| 4 ह | म | पे | 5 शा | | | मा |
| | क | | न | | 6 नै | चा |
| | | 7 शै | दा | ई | | र |
| | 8 से | वा | र | | | वा |
| 9 दौं | | ल | | | | च |
| री | | | 10 च | का | च | क |

## सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### सुडोकू - 82 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वभाद्रपद।

**मेष** — आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

**वृष** — आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मिथुन** — आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

**कर्क** — आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

**सिंह** — आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या** — आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती-फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** — आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**धनु** — आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

**मकर** — आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** — आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
सीता और गीता — सुबह : 10.28
जिस देश में गंगा रहता है — रात : 07.00

**Sony Pix**
हेलबॉय — सुबह : 10.52
2012 — रात : 08.45

**Sony Max**
यारियां 2 — सुबह : 09.48
स्टारफिश — रात : 09.30

**Zee Cinema**
डैडी — सुबह : 10.30
करीब करीब सिंगल — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
तू चोर मैं सिपाही — दोपहर : 12.31
दृश्यम 2 — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी
विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलोg) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा- हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

### एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान: पीयूष गोयल



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा-हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा-हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

### नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कर सकेंगे भुगतान

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे।

## शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

**मुंबई, एजेंसी**



प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## आठ स्पेक्ट्रम बैंड के लिए 20 मई को शुरू होगी नीलामी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मोबाइल सेवाओं के लिए आगामी स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई को शुरू होगी। इसमें 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी की जाएगी।

दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आवेदन मंगाने की सूचना जारी की। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ दूरसंचार कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम को नीलामी में रखा जाएगा। इसके अलावा इस साल उपयोगिता अवधि खत्म हो रहे कुछ स्पेक्ट्रम भी नीलामी में शामिल किए जाएंगे। दूरसंचार विभाग ने कहा-मौजूदा दूरसंचार सेवाओं को बढ़ाने और सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है। दूरसंचार विभाग ने आज आवेदन आमंत्रित करने का नोटिस जारी किया।" नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज, 2500 मेगाहट्र्ज, 3300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में उपलब्ध सभी स्पेक्ट्रम को शामिल किया गया है। बयान के मुताबिक-नीलामी के लिए रखे गए 10523.15 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम का कुल आरक्षित मूल्य 96,317.65 करोड़ रुपये है।

### सरकार दाल, मक्का व प्याज खरीदने की योजना बना रही

**नई दिल्ली।** सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर - तुअर, उड़द और मसूर - जैसे दलहन और मक्का की गारंटीशुदा खरीद करने की योजना बना रही है। लेकिन इसके लिए जरूरी है किसान धान की जगह फसल विविधीकरण यानी अन्य फसल का विकल्प चुने। सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की भी योजना बना रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि केंद्र विविधीकरण की किसी शर्त के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कपास खरीदने पर भी विचार कर रहा है।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े



इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय

### नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

# भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

### प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और यूपी का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‍घाटन और शिलान्यस करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

## शिव बरात के दौरान 16 बच्चे करंट लगने से झुलसे

**कोटा/जयपुर, एजेंसी**

- कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 16 बच्चे और दो अन्य लोग करंट लगने से झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि चार अन्य बच्चे 40 से 50 फीसद तक झुलस गये। अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को आनन-फानन में कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल एक लड़के ने 22 फुट लंबी लोहे की छड़ पकड़ रखी थी जो ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गयी। छड़ के ऊपर एक झंडा भी लगा हुआ था। जिस बच्चे ने झंडा पकड़ा हुआ था, वह 100 फीसदी तक झुलस गया। वहीं उस बच्चे को बचाने का प्रयास करने वाले अन्य बच्चे भी झुलस गये। एमबीएस के अधीक्षक डॉ. धर्मराज मीणा ने कहा कि कम से कम 16 बच्चे, एक पुरुष व महिला को भर्ती कराया गया है।

### मणिपुर में अपहृत जेसीओ को सेना ने मुक्त कराया

**इंफाल।** मणिपुर में अपहृत किए गए भारतीय सेना के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) को कुछ घंटों के भीतर सुरक्षा एजेंसियों ने मुक्त करा लिया है। जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) रक्षा ने एक बयान में कहा कि थौबल के चारंगपत ममांग लेइकाई निवासी नायब सूबेदार कोनसम खेड़ा सिंह (40) का शुक्रवार को उनके आवास से संदिग्ध उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था और उन्हें एक वाहन में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि सेना ने जेसीओ को बचाने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों को शामिल करके एक समन्वित संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप जेसीओ को सुरक्षित बचा लिया गया। जेसीओ वर्तमान में थौबल जिले के काकचिंग के पास वाइखोंग पुलिस स्टेशन में है।

## एक नजर

### चुनावी बॉन्ड : 11 को कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

### मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया-मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

## कोर्ट ने मध्यस्थता के जरिए यौन उत्पीड़न का मामला सुलझाने के कदम पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक करीबी रिश्तेदार द्वारा दो लड़कियों के यौन उत्पीड़न के मामले को मध्यस्थता से सुलझाने के कदम पर नाराजगी जताई और कहा कि गंभीर प्रकृति के ऐसे अपराधों का इस तरह समाधान नहीं किया जा सकता। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस तरह के अपराधों में उपयुक्त कानूनी कार्यवाही की जाए। अदालत ने कहा कि पीड़िता को आवश्यक सहयोग, संरक्षण और न्याय मिले जिनकी वे हकदार हैं। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने यौन उत्पीड़न के मामले में कहा-अदालत इस तरह की संवेदनहीनता नहीं दिखा सकती।

## पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

**कोटा (राजस्थान) एजेंसी**

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

## गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल



**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा नेताओं के लिए अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी राजस्थान चले जाएंगे।

## सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी**


**संदेशखालि मामला**

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

### टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा-वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।

### सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

## खेल डायरी

### निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में



**बुस्तो अर्सिजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

### नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। ागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

### वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

### अफगानिस्तान मैच खेलने जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

# रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

## भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी



**शुभमन गिल**

**110** रन **150** गेंद
**10** चौके **5** छक्के



धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए।

इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में श्रृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। श्रृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218

भारत (पहली पारी) 473/8 (120 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 10/5 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

# बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगावः पड्डिकल

**धर्मशाला, एजेंसी**



कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।

# पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारी

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

**पेरिस, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यिफान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।



# यूपी की दिल्ली पर 1 रन से रोमांचक जीत

## दीप्ति शर्मा ने नाबाद 59 रन बनाने के साथ कैपिटल्स के 4 विकेट चटकाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दीप्ति शर्मा के खेल के दम पर यूपी वॉरियर्स ने शुक्रवार को डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स पर 1 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति के नाबाद 59 रन की मदद से 8 विकेट पर 138 रन बनाए। दीप्ति ने इसके बाद 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे दिल्ली 19.5 ओवर में 137 रन पर आउट हो गई। दीप्ति ने पहले कप्तान मेग लैनिंग (60) को और फिर आखिरी दो ओवर में विकेटों के पतझड़ की शुरुआत की। दिल्ली को अंतिम दो ओवर में 15 रन की जरूरत थी लेकिन उसने 13 रन बनाए और बाकी बचे 6 विकेट गंवाए। ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 19वें ओवर की पहली दो गेंद पर एनाबेल सदरलैंड (6) और अरुंधती रेडी को आउट किया। शिखा पांडे ने चौका जमाकर उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी। दीप्ति ने चौथी गेंद पर शिखा को आउट किया। एलिसा हीली ने अंतिम ओवर में 10 रन बचाने की जिम्मेदारी हैरिस को सौंपी। राधा यादव ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर दो रन लिए। हैरिस ने राधा को बोल्ड किया। जेस जोनासन 11 रन पर आउट हुई। हैरिस ने इसके बाद टिटास साधु को आउट कर यूपी को जीत दिलाई। यूपी की यह 7 मैच में तीसरी जीत है जबकि दिल्ली की 6 मैच में दूसरी हार है। लैनिंग ने 46 गेंद पर 12 चौकों की मदद से 60 रन बनाए। शेफाली वर्मा (15) के बाद लैनिंग ने रन बनाए। जब वह तीसरे विकेट के रूप में पवेलियन लौटी तब दिल्ली का स्कोर 93 रन था। एलिस कैप्सी (15) आउट होने वाली दूसरी बल्लेबाज थी। जेमिमा रोड्रिग्स (17) 18वें ओवर में आउट हो गई थी। इससे पहले दीप्ति ने 48 गेंद पर नाबाद 59 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। उन्हें कप्तान एलिसा हीली (29) के आउट होने के बाद दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। दीप्ति और हीली के अलावा यूपी से केवल हैरिस 14 रन बना सकीं। दिल्ली की राधा यादव और टिटास साधु ने दो-दो विकेट लिए। यूपी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में किरण नवगिरे (5) का विकेट गंवाकर 44 रन बनाए। साधु ने किरण को बोल्ड किया। हीली और दीप्ति ने दूसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। एलिस कैप्सी ने हीली को लांग ऑन पर कैच कराकर ये साझेदारी तोड़ी। यूपी ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। दीप्ति ने एक छोर से रन बनाने जारी रखे। हैरिस 14वें ओवर में मेग लैनिंग से जीवन दान मिलने के बावजूद फायदा नहीं उठा पाई और राधा ने उन्हें आउट किया।

### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.059 |
| मुंबई | 6 | 4 | 2 | 8 | 0.375 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.038 |
| यूपी | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.365 |
| गुजरात | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.278 |


### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**यूपी वॉरियर्स:** 138/8, दीप्ति शर्मा 59, अलिसा हीली 29, ग्रेस हैरिस 14, सोफ़ी एकल्सटन 08। **विकेट:** शिखा पांडे 1, टिटास साधु 2, अरुंधति रेड्डी 1, जेस जॉनसन 1, राधा यादव 2, ऐलिस कैप्सी 1

**दिल्ली कैपिटल्स :** 137/10, मेग लानिंग 60, जेमिमा रॉड्रिग्स 17, शेफाली वर्मा 15, ऐलिस कैप्सी 15, जेस जॉनासन 1 **विकेट:** दीप्ति शर्मा 4, ग्रेस हैरिस 2, साइमा ठाकोर 2, सोफी एकल्सटन 1

# बॉलीवुड हलचल

## अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

## अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

## फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।



## मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है। 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

## सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ रिलीज



**मुंबई, जारी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है।फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



● बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है ।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।

# आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

**18** साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड




## वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग



आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

**ईसी की तैयारी**-लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

## ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम, पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।



## दस्तावेजों मे क्या है जरूरी

वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्युमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित

गाजियाबाद, एजेंसी



● 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है यह सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वार्डन, 221 स्क्वार्डन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। बता दें, भारतीय वायुसेना के इतिहास में पहली बार चार यूनिटों को एक साथ सम्मानित किया गया है।

## 11 से मॉरीशस दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

## एक नजर

### मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

### चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### थाईलैंड: विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।



### नाइजीरिया में आतंकियों ने 287 बच्चों का किया अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया, आतंकियों ने हमले के बाद 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को बताया है कि, देश में अपहरण की सबसे बड़ी दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे। प्रधानाध्यापक सानी अब्दुल्लाही ने बताया कि 287 बच्चे लापता है। गवर्नर ने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चा घर लौटे। हम सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

# समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

## भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।



इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

### फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन



भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।

# भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

● जापान में विदेश मंत्री ने फिर दोहराया, यूएनएससी में हो बदलाव
● विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया

भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर शुक्रवार को निक्केई फोरम में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मौजूद विदेश मंत्री जयशंकर।

उन्होंने कहा, 'अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।

# नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की।

# मोदी के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ नया नहीं: उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे पर बयान जारी किया है। उमर ने निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ भी नया नहीं था। इससें घाटी के लोगों की उम्मीद धराशायी हो गई हैं।



उमर ने कहा कि पीएम ने उन्हीं चीजों के बारे में बात की है, जिनके बारे में वह हमेशा से ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कुछ भी उनके भाषण में सुनने को नहीं मिला जिसे लोग सुनना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि लोस चुनाव को लेकर भी मोदी ने कुछ साफ नहीं किया है।

# पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

जिनेवा, एजेंसी

इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।

अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत सरकार की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। इसके अलावा अरविंद ने कहा कि देश में छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीली क्रांति एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है। यह योजना मछुआरों और जैव-सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों के पूर्ण संभावित उपयोग से खाद्य और पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं।




● संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में बोले आईडब्ल्यूएफ अध्यक्ष अरविंद

# उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

## कान्हा की नगरी में बम-बम...



**मथुरा :** महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। ● एजेंसी

**विज्ञान** विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज

# पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा , जिनका द्रब्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है , वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

### तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

# अमेरिका: एक साल में 31% बढ़ा घृणा अपराध

वाशिंगटन, एजेंसी

● भारतीयों में सबसे ज्यादा हमले सिखों पर हो रहे, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने किया खुलासा

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में से सिख समुदाय पर सबसे ज्यादा हमलों की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सिखों पर हमलों की 151 घटनाएं हुई जो 2023 में बढ़कर 198 हो गई। सिखों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले 31 फीसदी बढ़े हैं।

अमेरिका के के न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, न्यूजर्सी, अलबामा, वॉशिंगटन और सिएटल में सिखों के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदायों के खिलाफ हेट क्राइम के कुल मामले 2022 में 375 और 2023 में 520 हुए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रहने वाले 50 लाख भारतीयों में से सिखों की आबादी 5 लाख है। अलबामा के गुरुद्वारे के बाहर रागी जत्थे के सदस्य राजसिंह (29) की 24 फरवरी को हमलावरों ने हत्या कर दी। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि हेट क्राइम का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।




दिसंबर 2023 में न्यूयॉर्क में जसमीर (66) की हत्या को भी पुलिस ने हेट क्राइम का मामला दर्ज नहीं किया। बता दें, साल 2021 की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, 4.3% एशियाई विरोधी घटनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। घृणा से प्रेरित अपराधों की अन्य सबसे बड़ी श्रेणियों में 6.1% घटनाओं के साथ हिस्पैनिक या लातीनी विरोधी घटनाएं और 13.4% घटनाओं के साथ श्वेत-विरोधी घटनाएं शामिल थे।

### दर्ज केस से कई गुना ज्यादा हेट क्राइम: सिख संगठन

सिख पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के अध्यक्ष गुरिंदर खालसा का आरोप है कि सिखों पर हेट क्राइम एफबीआई के आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। खालसा का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सिखों के खिलाफ 2022-2023 में हेट क्राइम के 1200 से ज्यादा मामले हुए। अमेरिका में सिख गलत पहचान का शिकार भी होते हैं। पगड़ी दाढ़ी के कारण इन्हें मुस्लिम समझ लिया जाता है। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने इसका खुलासा पुलिस को किया है।